रांची

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

www.vananchaleye@gmail.com

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:95 | गुरूवार, 11 दिसंबर

Email:vananchaleye@gmail.com



## ब्रीफ न्यूज

### श्रद्धालुओं की बस ट्रक से टकराई, 4 की मौत

एजेंसी

अहमदाबाद : गुजरात के श्रद्धालुओं के लिए राजस्थान से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। सीकर जिले के फतेहपुर के पास मंगलवार देर रात खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए जा रही वलसाड (गुजरात) की स्लीपर बस की ट्रक से भीषण टक्कर हो गई। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 4 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 28 लोग घायल हुए हैं। इनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस भीषण हादसे में बस यात्री मयंक पटेल निवासी वलसाड और बस ड्राइवर कमलेश चौधरी निवासी डूंगरी महुआ, सूरत की मौके पर ही मौत हो गई और एक अन्य यात्री की मृतक की पहचान अमित के रूप में हुई है जो बागड़ झुँझुनू का बताया जा रहा है। वहीं, बस कंडक्टर मितेश को गंभीर हालत में सीकर के एसके हॉस्पिटल से जयपुर रेफर किया गया था, लेकिन बुधवार सुबह इलाज के दौरान उनकी भी मौत हो गई। कुल 28 लोग घायल हुए थे, जिनमें से 7 की हालत अभी भी गंभीर बनी हुई है।

### लैंडिंग के दौरान ट्रेनी विमान हादसे का शकार, पायलट घायल

सागर : मध्य प्रदेश के सागर जिले में स्थित ढाना हवाई पट्टी पर एक इंजन का छोटा ट्रेनी विमान उस हादसे का शिकार हो गया, जब वह रनवे पर उतर रहा था। लैंडिंग के दौरात अनियंत्रित होने के बाद विमान (एयरक्राफ्ट) की नोज जमीन से आ टकराई। हवाई पट्टी पर मौजूद कर्मचारी तुरंत दौड़े और पायलट को बाहर निकाला। विमान में दो पालट सवार थे, जिन्हें एम्बुलेंस से मेडिकल रूम में भेजा गया। उनकी हालत खतरे से बाहर है। हादसा बुधवार दोपहर करीब तीन बजे हुआ। चाइम्स एविएशन एकेडमी के इस एयरक्राफ्ट को ट्रेनी पायलट उड़ा रहे थे।

### भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के लिए दिल्ली में अमेरिकी दल

नई दिल्ली/जयपुर : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को कहा कि अमेरिका के साथ प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत आगे बढ़ रही है। टैरिफ मुद्दों पर बातचीत के लिए अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली के दो दिवसीय आधिकारिक दौरे पर है। अमेरिका के ट्रेड पर नवनियुक्त डिप्टी ट्रेड प्रतिनिधि एंबेसडर रिक स्विट्जर इसका प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने यहां प्रवासी राजस्थानी दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

चतरा : प्रखंड टंडवा चतरा जिला के सिमरिया विधानसभा क्षेत्र में टंडवासि मरिया रोड और पिपरवार रोड आज एक्सीडेंट जोन बन चुके हैं। सीसीएल की आम्रपाली-मगध परियोजना शुरू होने के बाद पिछले एक दशक में 1500 से अधिक लोगों की सड़क दुर्घटनाओं मेंमौत हो चुकी है और अनगिनत लोग घायल हुए हैं।

# झारखंड लोकभवन का नाम 'बिरसा भवन' रखेगी सरकार

## संसदीय कार्यमंत्री राधाकृष्ण किशोर ने केंद्र के 'लोकभवन' नाम को किया खारिज

संवाददाता

बुधवार को झारखंड विधानसभा कृषि कालीन सत्र के चौथे दिन उस समय जोरदार हलचल शुरू हो गई, जब वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने रांची स्थित राजभवन का नाम 'बिरसा भवन' और उपराजधानी दुमका के राजभवन का नाम 'सिदो-कान्हू भवन' करने का प्रस्ताव सदन के पटल पर रख दिया। मंत्री ने केंद्र द्वारा 3 दिसंबर को जारी अधिसूचना, जिसमें देशभर के राजभवनों का नाम बदलकर 'लोकभवन' करने का निर्देश दिया गया था, को सिरे से खारिज कर दिया। राधाकृष्ण किशोर ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि राजभवन राज्य सरकार की संपत्ति है। इसका

- उप राजधानी दुमका स्थित लोकभवन का नाम सिदो-कान्हू के नाम पर रखा जाएगा
- प्रस्ताव को जल्द दिलाई जाएगी कैबिनेट की मंजूरी, फिर जारी होगीअधिसूचना
- विपक्ष के सदस्यों ने भी इस प्रस्ताव का किया मौन समर्थन



निर्माण, रख-रखाव और संचालन राज्य सरकार के पैसे से होता है। संविधान के अनुच्छेद 154 के तहत राज्य की कार्यकारी शक्ति गवर्नर में निहित होती है, इसलिए उनका कार्यालय भी राज्य कार्यालय है। राज्य सरकार को ही अपनी संपत्ति का नामकरण करने का पूर्ण अधिकार है। मंत्री ने स्पष्ट किया कि औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति की बात सही है, लेकिन नाम बदलते समय राज्य के महान स्वतंत्रता सेनानियों और आदिवासी नायकों को सम्मान देना भी जरूरी है।

### एक विधेयक पास, चार पुराने बिल वापस

झारखंड विधानसभा में चल रहे शीतकालीन सत्र के चौथे दिन चार निजी विश्वविद्यालय विधेयक वापस लिए गए। झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन संशोधन विधेयक 2025 सदन में पारित हो गया। जो विधेयक वापस लिए गए, उनमें दो अगस्त 2023 को पारित सीवी रमण ग्लोबल विश्वविद्यालय विधेयक, आरोग्यम इंटरनेशनल विश्वविद्यालय विधेयक, 21 मार्च 2023 को पारित जैन विश्वविद्यालय विधेयक और 20 दिसंबर 2023 को पारित शाइन नेशनल विश्वविद्यालय विधेयक शामिल हैं। ये विधेयक निजी विवि की स्थापना के मापदंडों और प्रक्रिया परिवर्तन के आलोक में वापस लिए गए। स्पीकर ने कहा कि पांच दिसंबर से अब तक 12 निवेदन स्वीकृत किए गए हैं,

### झारखंड भवन में ठहरने का मामला

सदन की कार्यवाही शुरू होते ही नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने दिल्ली स्थित झारखंड भवन में ठहरने का मामला उठाया। बताया कि मंत्रिमंडल सचिवालय निगरानी विभाग के एक आदेश में कहा गया है कि दिल्ली के झारखंड भवन में उन्हीं लोगों को कमरा मिलेगा, जो माननीय के सगे-संबंधी होंगे। उन्होंने इस आदेश को लेकर आपत्ति दर्ज कराई। साथ ही आदेश को वापस लेने की भी बात कही। बाबूलाल मरांडी ने इस आदेश को हास्यास्पद भी कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि डॉ. रामेश्वर उरांव ने आलोक दुबे और लालकिशोर नाथ शाहदेव को ठहराने के लिए संबंधीबनाकर अनुशंसा की।

### संसद में वंदे मातरम और चुनाव सुधार पर गरमा-गरमी, राहुल का शाह को डिबेट का चैलेंज

# गृहमंत्री बोले- मैं तय करूंगा, क्या बोलना है राहुल ने कहा- ये डरा, घबराया हुआ जवाब

संवाददाता

नई दिल्ली : केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह बुधवार को लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा का जवाब दे रहे हैं। अपने भाषण की शुरूआत करते हुए शाह ने कहा कि चुनाव सुधार पर चर्चा से बीजेपी के लोग भागते नहीं है। इस पर सदन में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी सीट से खड़े हुए और शाह से कहा कि मैं आपको चैलेंज करता हूं। राहुल गांधी ने अमित शाह से कहा कि मैं आपको चैलेंज करता हूं कि आप मेरी वोट चोरी की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा करें। इस पर शाह ने कहा कि मैं 30 साल से विधानसभा से और लोकसभा से चुनकर आ रहा हूं। मुझे संसदीय प्रणाली का लंबा अनुभव है। विपक्ष के नेता महोदय कहते हैं कि पहले मेरी बात का जवाब आप दीजिए। मैं सुनाना चाहता हूं कि आपके हिसाब से संसद नहीं चलेगी। मेरे



बोलने का क्रम मैं तय मैं करूंगा, इस तरीके से संसद नहीं चलेगी। शाह ने कहा कि उन्हें धैर्य रखना चाहिए मेरा जवाब सुनने का। एकएक बात का जवाब दिया जाएगा, पर मेरे भाषण का क्रम वो तय नहीं कर सकते। ये मैं तय करूंगा कि कैसे जवाब देना है। मैं सभी जवाब दूंगा। मेरे भाषण का क्रम मैं तय करूंगा, नेता प्रतिपक्ष नहीं। मैं उनके उकसावे में नहीं आऊंगा, मैं अपने भाषण का क्रम मैं तय करूंगा। सोनिया जी पर जवाब इनको अदालत में देना है यहां क्यों दे रहे हैं। इस पर राहुल गांधी ने कहा कि ये डरा हुआ, घबराया हुआ रिस्पॉन्स है। सच्चा रिस्पॉन्स नहीं है। अमित शाह ने कहा कि मैं उनके माथे पर चिंता की लकीरें साफ देख रहा हूं कि क्या बोलूंगा। उनके उकसावे में नहीं आऊंगा, अपने क्रम से बोलूंगा। इस पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि सोनिया गांधी ने उस चुनाव में वोट तक नहीं दिया था। भ्रामक बयान दिए जा रहे हैं। मैं इसे चुनौती देता हूं कि क्या आप इसे सिद्ध कर सकते हैं। अमित शाह ने कहा कि हम सबका साझा दायित्व है। हम लोगों का पौना जिंदगी ही विपक्ष में चला गया। हमने कभी चुनाव आयोग पर आरोप नही लगाए। एक नया पैटर्न फैला, ममता जी ने आयोग पर आरोप लगाए, स्टालिन जी ने लगाए, राहुल गांधी, खड़गे जी ने, तेजस्वी यादव, अखिलेश यादव, हेमंत सोरेन फिर भगवंत मान जी ने लगाए। पहले ये परंपरा सिर्फ कांग्रेस में थी और अब पूरे इंडी अलयांस में आ गई है। अगर मतदाता सूची करप्ट है तो आपने शपथ क्यों ली।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि हम बीजेपी वाले, एनडीए वाले चर्चा से कभी नहीं भागते। हम सभी मुद्दों पर चर्चा के लिए तैयार हैं। निष्पक्ष चुनाव कराने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग पर है।

### राहुल-शाह के बीच की बहस

अमित शाहः विपक्ष के नेता (राहुल गांधी) की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस का जवाब दूंगा। एक सादी वाली, एक एटम बम वाली और एक हाइड्रोजन बम वाली। हर सवाल का जवाब दूंगा। राहुल गांधी ने उन्हें बीच में टोका। .. राहुल गांधीः शाह जी मैं आपको चैलेंज करता हूं। आप मेरी वोट चोरी की तीनों प्रेस कॉन्फ्रेंस पर चर्चा करें। .. शाह (तेज आवाज में): 30 साल से संसद या विधानसभा में चुनकर आ रहा हूं। ऐसा कभी नहीं हुआ। मेरे बोलने का क्रम मैं तय करूंगा। आप नहीं। .. राहुल गांधीः शाह जी का रिस्पॉन्स पूरी तरह से घबराया हुआ है। डरा हुआ रिस्पॉन्स है। .. इस पर शाह बोलेः मैं उनके उकसावे पर नहीं आऊंगा।

## एसआईआर सूची से 65 प्रतिशत मैपिंग कार्य पूरा हो चुका है

संवाददाता



रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के। रवि कुमार ने बताया कि झारखंड में वर्तमान मतदाता सूची का विगत एसआईआर सूची से 65 प्रतिशत मैपिंग कार्य पूरा हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह प्रक्रिया 70 प्रतिशत से अधिक पूरी हो गई है। उन्होंने शहरी मतदाताओं से अपील की कि वे अपने नाम की खोज और सत्यापन में सक्रिय सहयोग दें। सीईओ ने बताया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए ट्यूटोरियल वीडियो जारी किया गया है, जिसकी मदद से लोग भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट या संबंधित राज्य के सीईओ पोर्टल पर जाकर विगत एसआईआर सूची में अपना नाम खोज सकते हैं। उन्होंने कहा कि जिन मतदाताओं को मैपिंग में कठिनाई हो रही है या जो अन्य राज्यों से आए हैं, वे अपने राज्य के सीईओ वेबसाइट का उपयोग कर विवरण ढूंढ सकते हैं। सीईओ ने यह भी बताया कि जिनका नाम नहीं मिल पा रहा है, वे 1950 हेल्पलाइन पर कॉल कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक

**वर्तमान मतदाता सूची का विगत एसआईआर सूची से 65 प्रतिशत मैपिंग कार्य पूरा हो चुका है। ग्रामीण क्षेत्रों में यह प्रक्रिया 70 प्रतिशत से अधिक पूरी हो गई है।**

पैतृक मैपिंग से एसआईआर के दौरान कम दस्तावेज देने पड़ेंगे और प्रक्रिया आसान होगी। साथ ही निर्देश दिया कि एसआईआर के दौरान कोई भी योग्य मतदाता सूची से छूटने न पाए।

## शहीदों की नई पहचान के लिए बने ज्यूडिशियल कमीशन

### शीतकालीन सत्र: जेएमएम विधायक दशरथ गगराई की मांग पर सरकार ने जल्द कार्रवाई का दिया भरोसा

संवाददाता

रांची : झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में बुधवार को खरसावां गोलीकांड को लेकर एक बार फिर न्यायिक जांच आयोग की मांग गूंजी। झामुमो विधायक दशरथ गागराई ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के तहत कहा कि 1 जनवरी 1948 को हुए इस गोलीकांड में आदिवासी समाज के अनगिनत लोग शहीद हुए थे, लेकिन अब तक उनकी पूरी तरह पहचान नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि गृह विभाग के निर्देश पर 2015 में सरायकेला- खरसावां जिला प्रशासन ने एक समिति गठन की थी। समिति ने विस्तृत जांच के बाद केवल दो



व्यक्तियों कृ स्व. डोलो सो और स्व. सिंग्र बोदरा कृ को शहीद के रूप में चिन्हित किया था और सरकार ने उनके परिजनों को अनुग्रह राशि दी। हालांकि समिति ने अपनी रिपोर्ट में यह स्पष्ट लिखा कि घटना की सच्चाई सामने लाने और सभी शहीदों की पहचान के लिए एक न्यायिक आयोग आवश्यक है। विधायक गागराई ने कहा कि खरसावां गोलीकांड स्वतंत्र भारत का पहला सबसे बड़ा नरसंहार माना जाता है, जिसे कोल्हान क्षेत्र में आज भी शोक दिवस के रूप में याद किया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि आज तक किसी सरकारी दस्तावेज में पीड़ितों की वास्तविक संख्या दर्ज नहीं है, जबकि स्थानीय लोगों कीमानें तो शवों से भरे कुएं, पहाड़ों में फेंके गए घायल और हजारों की भीड़ इस त्रासदी के प्रमाण हैं। गृह विभाग की ओर से जवाब देते हुए मंत्री ने कहा कि खरसावां गोलीकांड न सिर्फ झारखंड बल्कि पूरे देश के आदिवासी इतिहास का प्रतीक है।

## भारत ने 9 साल का सूखा किया खत्म, 11 मिनट में चार गोल कर अर्जेंटीना को दी 4-2 से मात

### भारत ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में जीता ब्रांज मेडल

,एजेंसी

नई दिल्ली : चेन्नई में बुधवार को जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में खेले गए तीसरे स्थान के प्लेऑफ में भारत ने दो गोल से पिछड़ने के बाद रोमांचक वापसी करते हुए अर्जेंटीना को 4-2 से हराया। इस जीत के साथ भारत ने जूनियर हॉकी वर्ल्ड कप में मेडल जीतने का सूखा समाप्त किया। भारत ने अपना आखिरी खिताब नौ साल पहले 2016 में लखनऊ में जीता था। भारतीय टीम ने चौथे क्वार्टर में शानदार प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को पछाड़ दिया। 0-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए तीसरे स्थान के प्लेऑफ में अर्जेंटीना को मात दी। भारत के लिए



अंकित पाल (48वें मिनट), मनमीत सिंह (51वें मिनट), श्रद्धा नंद तिवारी (56वें मिनट) और अनमोल एक्का (57वें मिनट) ने गोल दागे। भारत ने ब्रॉन्ज मेडल पर कब्जा जमाया। वहीं, अर्जेंटीना की तरफ से निकोलस रोड्रिगेज (2वें मिनट) और सैंटियागो फर्नांडीज (43वें मिनट) ने गोल दागे। इस जीत के साथ भारत का टूनामेंट में लगातार चौथे स्थान पर रहने का सिलसिला टूट गया। टूनामेंट के इतिहास में यह पहली बार है जब भारत ने तीसरा स्थान हासिल किया है।

**बैठक:** सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ के निदेशक मंडल की चौथी बैठक,

# किसानों को मजबूत बाजार व्यवस्था देना सरकार की प्राथमिकता

संवाददाता

रांची : सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में झारखंड विधानसभा परिसर में सिद्धो-कान्हो कृषि एवं वनोपज राज्य सहकारी संघ लिमिटेड (सिद्धकोफेड) के निदेशक मंडल की चौथी बैठक हुई। बैठक में कृषि और वनोपज से जुड़ी योजनाओं, किसानों की आय बढ़ाने, प्रशिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ करने और डिजिटल सुविधाओं को मजबूत बनाने जैसे कई मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में खेती और वनोपज से आमदनी बढ़ाने की बड़ी संभावनाएं हैं। राज्य सरकार का लक्ष्य है कि किसानों को फसलों का उचित मूल्य समय पर मिले और उन्हें आधुनिक



तकनीक से जोड़कर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जाए। सीएम ने कहा कि सरकार किसान को खेती के हर चरण में सहयोग देरही है। उत्पादन से लेकर भंडारण, प्रसंस्करण और बिक्री तक उन्हें हर तरह से सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य समय पर मिलना जरूरी है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने जल संरक्षण पर भी जोर दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि चेक डैम और ग्रामीण जल संरचनाओं की देखरेख स्थानीय किसानों के समूह या जलसहिया समितियों को सौंपी जाए, ताकि जिम्मेदारी भी तय हो और पानी का बेहतर उपयोग भी हो सके।बैठक में सीएम ने एक विशेष मोबाइल ऐप तैयार करने का निर्देश दिया। यह ऐप किसानों को बाजार की जानकारी, फसल से जुड़ा अपडेट, बीज और अन्य संसाधनों की उपलब्धता जैसी सुविधाएं एक ही जगह देगा। उन्होंने विभाग को एक स्थानीय कृषि पोर्टल भी विकसित करने को कहा, ताकि उपभोक्ता सीधे किसानों से उत्पाद खरीद सकें।

इससे बिचौलियों की भूमिका कम होगी और किसानों की कमाई बढ़ेगी।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 160 स्टेशनों का हुआ पुनर्विकास : अश्विनी वैष्णव

एजेंसी

नई दिल्ली : सरकार ने बुधवार को लोकसभा को बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत देशभर में 160 रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास कार्य पूरा हो चुका है। प्रश्नकाल के दौरान तेलंगाना के आदिलाबाद से भाजपा के सदस्य गोडम नागेश के रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं से जुड़े प्रश्न पर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि देश में सात हजार से अधिक रेलवे स्टेशन हैं, जिनका श्रेणीकरण फुटफॉल, ट्रेन आवागमन और व्यस्तता के आधार पर एनएसजी-1 से एनएसजी-6 तक किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर शुरू की गई अमृत भारत स्टेशन योजना आज दुनिया का सबसे बड़ा स्टेशन पुनर्निर्माण कार्यक्रम है। इस योजना के तहत 1300 से अधिक स्टेशनों पर पुनर्निर्माण कार्य जारी है, जिनमें से 160 स्टेशन पूरी तरह विकसित किए जा चुके हैं।



रेल मंत्री ने कहा कि पहले केवल रंगाई-पुताई को ही स्टेशन विकास माना जाता था, लेकिन अब 50 वर्षों की भविष्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए व्यापक मास्टर प्लान तैयार किया जा रहा है। इसमें स्थानीय वास्तुकला का समावेशन, दोनों ओर से स्टेशन तक आसान पहुंच, आधुनिक फुटओवर ब्रिज, बड़े पैसेंजर हॉल, पार्किंग क्षेत्रों का विकास तथा स्टेशन एक्सेस को बेहतर बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हाल ही में छठ और दीपावली के दौरान यात्रियों की भीड़ को सुव्यवस्थित करने के लिए नई दिल्ली स्टेशन से शुरू किए गए बड़े होल्डिंग एरिया की व्यवस्था को 50-60 स्टेशनों तक विस्तारित किया गया, जिससे यात्रियों को काफी सुविधा मिली।रेलवे स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं से जुड़े प्रश्नों पर लोकसभा में चर्चा के दौरान रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि स्टेशन पुनर्विकास अत्यंत जटिल प्रक्रिया है, जिसमें ट्रैफिक रोके बिना बड़े स्तर पर निर्माण कार्य करना शामिल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि आजादी के बाद पहली बार इस तरह का व्यापक स्टेशन रीडेवलपमेंट कार्य हाथ में लिया गया है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि चंडीगढ़ जैसे स्टेशनों पर भारी निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन ट्रैफिक को बंद नहीं किया गया। जबकि कई देशों में स्टेशन पुनर्विकास के दौरान तीन-चार वर्षों तक ट्रैफिक रोक दिया जाता है, परंतु भारत में भारी यातायात के चलते ऐसा संभव नहीं है।

# रांची में सफाई व्यवस्था होगी हाई-टेक : हर घर का कचरा उठेगा डिजिटल प्रमाण के साथ

रांची, संवाददाता ।



रांची नगर निगम शहर को स्मार्ट और साफ बनाने के लिए बड़ा कदम उठा रहा है. अब कचरा उठाने की पूरी व्यवस्था हाई-टेक सिस्टम से चलेगी, ताकि ये सिर्फ कहा न जाए कि सफाई हुई–बल्कि उसका पूरा डिजिटल सबूत भी रहेगा. आज नगर निगम के प्रशासक सुशांत गौरव की अध्यक्षता में एक बड़ी बैठक हुई, जिसमें शहर में व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम और RFID आधारित हाउस-टू-हाउस स्कैनिंग सिस्टम को लागू करने पर विस्तृत चर्चा की गई. यह व्यवस्था सफाई को पूरी तरह पारदर्शी, तेज और मॉनिटरड बनाएगी.

प्रशासक सुशांत गौरव ने कहा कि VTS और RFID का संयुक्त उपयोग रांची की सफाई व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी और जवाबदेह बनाएगा. यह सिर्फ तकनीक नहीं, बल्कि प्रशासन और नागरिकों के बीच भरोसे को मजबूत करने वाला बड़ा कदम है. बैठक में अपर प्रशासक संजय कुमार, उप प्रशासक रविंद्र कुमार, उप प्रशासक गौतम प्रसाद साहू, नगर प्रबंधक, स्वच्छता कॉरपोरेशन और PMC टीम के विशेषज्ञ मौजूद थे.

### RFID टैग से हर घर की सफाई का रिकॉर्ड

- हर घर, दुकान और संस्थान पर एक यूनिक RFID टैग लगाया गया है. कचरा गाड़ी में लगा रीडर इसे स्कैन करेगा.
- इससे नागरिकों को कई फायदे मिलेंगे
- रोजाना पता चलेगा कि उनके घर से कचरा कब उठाया गया.
- अगर स्कैन छूट गया, तो सिस्टम खुद अलर्ट भेज देगा.
- किसी शिकायत पर तुरंत कार्रवाई होगी क्योंकि पूरा डेटा डिजिटल में रहेगा.
- कागज-पेन या साइन कराने वाली पुरानी झंझटें खत्म.
- नागरिकों के लिए बड़ा फायदा
- अब कूड़ा उठा या नहीं? ये अनुमान नहीं–पूरी डिजिटल जानकारी मिलेगी.
- शिकायत करने पर तुरंत समाधान.
- अपने इलाके की सफाई व्यवस्था डैशबोर्ड पर खुद देख सकेंगे.
- पारदर्शिता बढ़ने से शिकायतें कम होंगी और भरोसा बढ़ेगा.
- अब हर कचरा गाड़ी होगी LIVE मॉनिटर पर
- VTS तकनीक से शहर की हर कचरा गाड़ी की निगरानी होगी–
- गाड़ी समय पर पहुंची या नहीं–सब पता चलेगा.

# झारखंड में अबुआ आवास पर सदन में उठा सवाल, मंत्री बोलीं- पीएम आवास की राशि बढ़ाए केंद्र सरकार

रांची, संवाददाता ।




झारखंड विधानसभा के चौथे दिन प्रश्नकाल के दौरान भाजपा विधायक शत्रुघ्न महतो ने अबुआ आवास का मामला उठाया. उन्होंने कहा कि गरीब लोगों ने अपनी झुग्गी-झोपड़ी तोड़कर अबुआ आवास का निर्माण तो शुरू कर दिया, लेकिन भुगतान नहीं होने से निर्माण अधूरा है. लोग सड़कों पर रहने को विवश हैं. लिहाजा, सरकार को बताना चाहिए कि मामला कहां लटका हुआ है. आगे की किस्त क्यों नहीं जारी की जा रही है. जवाब में ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने अबुआ आवास की स्थिति से जुड़ा ब्योरा साझा किया.

**वितीय वर्ष 2023-24 और 2-24-25 का स्टेट्स**

मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में अबुआ आवास योजना के तहत 6 लाख 50 हजार आवास निर्माण का लक्ष्य रखा गया था. इसके विरुद्ध कुल 6 लाख 33 हजार 94 आवास योजनाओं को स्वीकृति दी गई. अब तक 4 लाख 92 हजार 464 लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि 4 लाख 14 हजार 444 को द्वितीय किस्त की राशि और 2 लाख 46 हजार 358 लाभुकों को तृतीय किस्त की राशि निर्गत की गई है. अब तक कुल 1 लाख 64 हजार 154 आवास का निर्माण पूर्ण हो गया है.

**वर्तमान वित्तीय वर्ष में अबुआ आवास का स्टेट्स**

वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 3 हजार करोड़ का उपबंध किया गया है. इसके एवज में अब तक 1200 करोड़ रुपये जिलों को उपलब्ध करा दिया गया है. अगर सदस्य के पास कोई जानकारी है कि किसी को राशि नहीं मिल रही है तो इसकी जांच करा ली जाएगी. इस वर्ष प्रथम किस्त सिर्फ 1,281 लोगों को दी गई है. द्वितीय किस्त 1,80,919 आवास के लिए जारी हुई है. तृतीय किस्त 1,27,290 आवास के लिए दी गई है. करीब 37 हजार लाभुकों को चौथी किस्त की राशि दे दी गई है. जैसे-जैसे निर्माण कार्य पूरा हो रहा है, उसी आधार पर राशि निर्गत की जा रही है. राज्य सरकार भी जरुरतमंदों को आवास देना चाहती है. इस दिशा में काम चल रहा है.

**केंद्र से पीएम आवास की राशि बढ़ाने की मांग**

इसपर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने पूछा कि क्या 2025-26 में अबुआ आवास का आवंटन बंद हो गया है. इस नौ माह में कितने लोगों को अबुआ मिला है. उन्होंने कहा कि बहुत से लाभुकों को पहली किश्त मिल गई है, लेकिन बहुत से लोगों को दूसरी किस्त नहीं मिली है. जवाब में मंत्री ने कहा कि ये लोग भी अब अबुआ आवास की मांग कर रहे हैं. वित्तीय वर्ष 2023-24 और 2024-25 में प्रधानमंत्री आवास देना बंद कर दिया गया था. इससे सभी अवगत हैं. पिछले एक साल के प्रयास से प्रधानमंत्री आवास देने का काम चुनाव बाद शुरू हुआ है. अब प्रधानमंत्री आवास कोई लेना नहीं चाहता है. हमलोगों ने केंद्रीय मंत्री से मांग रखी है कि जिस तरह झारखंड में अबुआ आवास के लिए 2 लाख रुपये दिए जा रहे हैं उसी तरह प्रधानमंत्री आवास के लिए भी 2 लाख रुपये प्रति आवास दिए जाएं. इससे बड़ी परेशानी खत्म हो जाएगी. उन्होंने कहा कि अबुआ आवास के लिए झारखंड में 24 लाख आवेदन आए हैं.

# रांची-वाराणसी वंदे भारत ट्रेन व नई मेमू सेवा पर दक्षिण पूर्व रेलवे ने दिया जवाब



रांची, संवाददाता ।

रांची से वाराणसी वंदे भारत एक्सप्रेस के समय में बदलाव और रांची से लोहरदगा सेक्शन में नई मेमू ट्रेन चलाने को लेकर ९१४ के सदस्य अरुण जोशी ने दक्षिण पूर्व रेलवे को पत्र लिखा था, जिसके जवाब में दक्षिण पूर्व रेलवे ने बताया कि प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा जा चुका है. रेलवे ने कहा कि रांची-वाराणसी वंदे भारत (20887/20888) का प्रस्ताव जून 2024 में बोर्ड को भेजा गया था. लेकिन अब तक बोर्ड से कोई निर्णय नहीं लिया है. इस कारण यह प्रस्ताव फिर से 4 दिसंबर को रेलवे बोर्ड को भेज दिया गया है. साथ ही रेलवे ने नई मेमू ट्रेन (13503/13504) बर्द्धमान-हटिया मेमू का विस्तार को लेकर कहा कि इस मेमू ट्रेन को लोहरदगा, टोरी, टाटीसिलवे, नामकुम और डलमा तक चलाने का प्रस्ताव मार्च 2024 में बोर्ड को भेजा गया था. लेकिन इसपर भी बोर्ड की ओर से अभी तक कोई आदेश नहीं मिला है. यह प्रस्ताव भी 4 दिसंबर को वापस से भेज दिया गया है. रेलवे ने आशा जताई है कि जल्द ही इन प्रस्तावों पर निर्णय लिया जायेगा.

# रांची में लोकभवन के सामने कुशवाहा महासभा का धरना, सात सूत्री मांगों को लेकर चरणबद्ध आंदोलन की चेतावनी

रांची, संवाददाता ।



झारखंड में पिछड़े समुदाय के लोगों के लिए सरकारी नौकरियां, शैक्षणिक संस्थानों में 27% आरक्षण, कृषि को उद्योग का दर्जा देने सहित सात सूत्री मांगों के समर्थन में आज झारखंड कुशवाहा महासभा के बैनर तले बड़ी संख्या में कुशवाहा समाज के लोगों ने लोकभवन (पूर्व में राजभवन) के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया. इस धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व कुशवाहा महासभा के अध्यक्ष हाकिम प्रसाद महतो ने किया.उन्होंने कहा कि राज्य बनने के बाद साजिश रचकर पिछड़ों का आरक्षण 27% से घटाकर 14% कर दिया गया. राज्य गठन के बाद ओबीसी की हकमारी और मनमानी शुरू हो गया है. अब राज्य के ओबीसी में जागरुकता आयी है और राज्य का कुशवाहा समाज इस आंदोलन का नेतृत्व करेगा. सड़क से लेकर सदन तक हक की लड़ाई लड़ी जाएगी. लोकभवन के समक्ष आज के प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हुईं.

**मांगें पूरी नहीं हुई तो ओबीसी समाज करेगा प्रदर्शन- भुनेश्वर प्रसाद मेहता**

हजारीबाग से सीपीआई के सांसद रहे भुनेश्वर प्रसाद मेहता भी आज झारखंड कुशवाहा महासभा के धरना-प्रदर्शन में शामिल हुए. इस दौरान पूर्व सांसद ने कहा कि राज्य में आदिवासियों का आरक्षण बढ़ाया गया. उससे उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन राज्य बनने के बाद ही झारखंड में ओबीसी का आरक्षण 27% से घटाकर 14% कर देना सही नहीं था. भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि ओबीसी आरक्षण बढ़ाने के साथ-साथ राज्य में रघुवर सरकार के समय में बनाई गई लैंड बैंक को समाप्त करने, कृषि को उद्योग का दर्जा देने, भूमि अधिग्रहण कानून 2013 को अक्षरशः लागू करने जैसी मांगें अगर पूरी नहीं की गई तो आनेवाले दिनों में रांची के मोरहाबादी मैदान में विशाल महारैली की जाएगी.

### झारखंड कुशवाहा महासभा की ये हैं मुख्य मांगें

- झारखंड में पिछड़ा वर्ग के आरक्षण की सीमा 14% से बढ़ाकर 27% की जाए. साथ ही राज्य के जिन जिलों में आरक्षण आंशिक रूप से लागू है या शून्य है वहां भी समान रूप से 27% आरक्षण लागू किया जाए.
- कृषि को उद्योग का दर्जा प्रदान किया जाए, ताकि कृषि क्षेत्र को प्रोत्साहन मिल सके और कृषि आधारित उद्योगों का विस्तार हो. इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और कृषि उत्पादों में मूल्य वर्धन के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था सशक्त होगी.
- भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 को राज्य में पूर्ण रूप से लागू किया जाए और उपजाऊ जमीन को अधिग्रहण से मुक्त रखा जाए.
- विस्थापित परिवारों के पुनर्वास, रोजगार और मुआवजा हेतु पृथक नीति बनाई जाए और एक स्वतंत्र आयोग का गठन किया जाए.
- उद्योगों की स्थापना हेतु जिन भूमिधारकों की भूमि अर्जित की गई है अथवा भविष्य में की जाएगी उन सभी प्रतिष्ठानों में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के पदों पर भूमिदाता विस्थापितों के लिए आरक्षित की जाए.
- उद्योगों के लिए सरकार द्वारा रैयतों से भूमि अधिग्रहित कर उद्योगपतियों को लीज पर दी जाती है.

# शीतकालीन सत्र: बालू के मुद्दे पर फिर सदन में हंगामा, कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित

रांची, संवाददाता ।



झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज चौथा दिन है. सदन की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू की गई. इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष की ओर से कई मुद्दों पर सवाल उठाया. जल नल योजना, अबुआ आवास जैसे मुद्दे को लेकर सदन में जोरदार बहस हुई. सदन की कार्यवाही फिलहाल 2 बजे तक स्थगित कर दी गई है. इससे पहले सदन में खरसावां गोलीकांड को लेकर खरसावां विधायक ने खरसावां गोलीकांड को लेकर न्यायिक आयोग गठित करने की मांग की शहीदों को लेकर मुकम्मल जानकारी के सवाल पर मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि न्यायिक आयोग ने ओडिशा और बंगाल जाकर जांच कमेटी ने स्वीकार किया कि लाखों लोग सभा में शामिल थे. सरकार एक कमेटी गठित कर शहीदों की पहचान को सामने लाने का प्रयास करेगी, सरकार अपनी प्रक्रिया पूरी कर शहीदों को चिन्हित करने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी की गठन करेगी. वहीं बालू के मुद्दे पर सदन में हंगामा शुरू हुआ. विधायक सीपी सिंह ने 100 रुपये में 100 सीएफटी बालू देने के सवाल को लेकर सदन को गुमराह करने का आरोप लगाया। इसके जवाब में मंत्री योगेंद्र महतो ने कहा कि मैंने कल सदन में जो वक्तव्य दिया था, वह बिल्कुल सही है. कहा कि सरकार गुमराह नहीं कर रही है. अगर सदस्यों को सीएफटी समझ नहीं आता तो मैं कह रहा हूं कि 100 रुपया में एक ट्रैक्टर बालू मिलेगा. इसपर सदन में शोर शराब होने लगा.

# झारखंड के बार संचालकों ने उत्पाद सचिव से मिल कोटा तय करने की रखी मांग

रांची, संवाददाता ।



झारखंड बार एवं रेस्टोरेंट एसोसिएशन के सदस्यों ने बुधवार को उत्पाद सचिव अमिताभ कौशल से मुलाकात की. एसोसिएशन ने मांग किया कि 2022 से लंबित बार लाइसेंस कोटा का निर्धारण किया जाए और कोटा के मुताबिक शराब व बियर की सप्लाई की जाए. एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने 5 प्रतिशत रिटेलिंग मार्जिन का मुद्दा भी उठाया. उत्पाद सचिव ने सभी को आश्वासन दिया है कि उनकी समस्याओं पर विचार किया जाएगा और उसे दूर करने के लिए कदम उठाए जाएंगे. मुलाकात के दौरान एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजन कुमार ने उत्पाद सचिव को एक पत्र सौंपा. जिसमें कहा गया है कि झारखंड में 2022 के बाद से नए बार का कोई भी कोटा निर्धारित नहीं हुआ है. छत्तीसगढ़ की उत्पाद नीति को अपनाए जाने के बाद भी, बार मालिकों के लिए सालाना कोटा निर्धारण का स्पष्ट तरीका लागू नहीं किया गया. बार मालिक बिना किसी निश्चित कोटा के व्यापार कर रहे हैं, जिससे न तो उन्हें यह पता होता है कि वे कितनी बिक्री कर सकते हैं, और न ही विभाग यह सुनिश्चित कर पाता है कि उन्हें पर्याप्त स्टॉक मिल रहा है या नहीं. एसोसिएशन के प्रेम शंकर ने मुलाकात के दौरान कहा कि कोटा निश्चित न होने से कम या अधिक स्टॉक की समस्या बनी रहती है. अधिक स्टॉक होने पर जहां पूंजी फंस जाती है, वहीं कम स्टॉक होने पर बाजार में मांग के अनुसार बिक्री नहीं हो पाती, जिससे व्यापार में भारी नुकसान होता है.

उत्पाद सचिव से मुलाकात के दौरान प्रतिनिधियों ने गुंडई व रंगदारी का मुद्दा भी उठाया. कहा कि बार एवं बार के बाहर रोड पर भी हो रहे झगड़ों के लिए बार मालिक को ही जिम्मेदार ठहराया जाता है. बार मालिक बार के अंदर की सुरक्षा के लिए जिम्मेदार हैं, लेकिन सार्वजनिक सड़क पर होने वाली घटनाओं के लिए उन्हें जवाबदेह ठहराना अनुचित है. इस मामले में विभाग से हस्तक्षेप करने की मांग की गई. एसोसिएशन के महासचिव उमेश सिन्हा और कोषाध्यक्ष बिरेंद्र साहू ने बताया कि विभाग ने एसोसिएशन को आश्वस्त किया है कि सभी तकनीकी, वित्तीय और प्रशासनिक मुद्दों पर एक उच्च-स्तरीय बैठक की जाएगी.

# प्रिंटर में कार्टिज खत्म, रिम्स में चार दिनों से ओपीडी रजिस्ट्रेशन बंद



रांची, संवाददाता ।

राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स में प्रशासनिक लापरवाही एक बार फिर उजागर हुई है. बीते चार दिनों से ओपीडी पंजीकरण पूरी तरह ठप है. वजह है पंजीकरण काउंटरों पर प्रिंटर की स्याही उपलब्ध नहीं होना. इस कारण रोजाना आने वाले हजारों मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. पंजीकरण पर्ची नहीं मिलने से लंबी कतारें लग रही हैं और कई मरीज समय पर डॉक्टरों से परामर्श नहीं ले पा रहे हैं. अस्पताल कर्मियों के अनुसार, ओपीडी पंजीकरण के लिए लगे प्रिंटरों की स्याही खत्म हो चुकी है. लेकिन संबंधित विभाग द्वारा अब तक नई इंक कार्ट्रिज उपलब्ध नहीं कराई गई है. मरीजों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि रिम्स जैसे बड़े संस्थान में ऐसी बुनियादी कमी बेहद शर्मनाक है. दूर-दराज और ग्रामीण इलाकों से आने वाले कई मरीज इलाज के बिना ही वापस लौटने को मजबूर हो रहे हैं. पंजीकरण ठप रहने का असर अस्पताल की रोजमर्रा की कार्यप्रणाली पर भी साफ दिख रहा है, जहां हर दिन बड़ी संख्या में मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं. चार दिनों से जारी इस स्थिति ने गंभीर प्रशासनिक उदासीनता को उजागर किया है. कई मरीजों और उनके परिजनों ने अस्पताल प्रशासन से तत्काल व्यवस्था सुधारने की मांग की है, ताकि बुनियादी संसाधनों की कमी से स्वास्थ्य सेवाएं बाधित न हों.

# झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय ने क्यूंग संग यूनिवर्सिटी दक्षिण कोरिया के साथ किया एमओयू

रांची, संवाददाता ।



सीयूजे ने दक्षिण कोरिया के बुसान स्थित क्यूंगसंग विश्वविद्यालय के साथ एक महत्त्वपूर्ण समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए. यह साझेदारी दोनों विश्वविद्यालयों के बीच शैक्षणिक, शोध और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को नई दिशा देगी. कुलपति प्रो. क्षिति भूषण दास ने प्रो. अरुण कुमार पाधी और डॉ. शशि मिश्रा की उपस्थिति में इस एमओयू को औपचारिक रूप से जारी किया. समझौते के अवसर पर कुलपति प्रो. दास ने कहा कि यह सहयोग शिक्षकों और विद्यार्थियों के लिए नए अवसरों का मार्ग प्रशस्त करेगा और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विश्वविद्यालय की पहचान को मजबूत बनाएगा.

उन्होंने इसे सीयूजे की वैश्विक शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ी उपलब्धि बताया. डीन प्रो. अरुण कुमार पाढ़ी ने एमओयू के तहत होने वाली प्रमुख गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि दोनों विश्वविद्यालय मिलकर कार्य करेंगे। क्यूंगसंग विश्वविद्यालय के वाइस प्रेसिडेंट प्रो. जून ह्यूब पार्क ने इस साझेदारी पर खुशी जताते हुए कहा कि भारत के आदिवासी बहुल राज्य के विश्वविद्यालय के साथ जुड़ना उनके लिए गर्व की बात है और इससे शोध के नए आयाम खुलेंगे.

वहीं, अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग की डॉ. कुमकुम जायसवाल ने इसे दोनों विश्वविद्यालयों के लिए सकारात्मक और भविष्य-उन्मुख पहल बताया. सीयूजे के अंतरराष्ट्रीय प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. शशि मिश्रा ने कहा कि इस एमओयू से विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय गतिविधियों में और मजबूती आएगी. उन्होंने बताया कि क्यूंगसंग विश्वविद्यालय कोरिया के पुराने और प्रतिष्ठित संस्थानों में से है और यह कोरिया का चौथा विश्वविद्यालय है जिसके साथ सीयूजे ने एमओयू किया है. दो और कोरियाई विश्वविद्यालयों के साथ समझौते अंतिम चरण में हैं और जल्द ही उनके साथ भी एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे.

### निम्नलिखित क्षेत्रों में कार्य करेंगे–

- संयुक्त सेमिनार, व्याख्यान, कार्यशालाएं और शोध बैठकों का आयोजन
- शोधकर्ताओं और विद्यार्थियों के लिए संयुक्त शोध प्लेटफॉर्म का निर्माण
- विभाग या विश्वविद्यालय के निमंत्रण पर अल्पकालिक शोध यात्राएं
- विद्यार्थियों के लिए विशेष शैक्षणिक कार्यक्रमों का विकास
- शिक्षकों और विद्यार्थियों का आदान-प्रदान
- अन्य सहमति-आधारित शोध गतिविधियां

# पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा, प्रशासनिक समस्याओं के निराकरण के लिए होगा प्राधिकार

प्राधिकार में एक अध्यक्ष, एक प्रबंध निदेशक और एक सदस्य सचिव होंगे

रांची, संवाददाता ।



झारखंड में अब पर्यटन विकास प्राधिकारों के क्रियान्वयन में सरलता आएगी. कार्य संचालन जल्द होंगे. प्रशासनिक समस्याओं के निराकरण के लिए प्राधिकार होगा. इसके लिए बुधवार को विधानसभा में झारखंड पर्यटन विकास एवं निबंधन (संशोधन) विधेयक, 2025 पारित हो गया. यह अधिनियम झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन (संशोधन) अधिनियम, 2025 कहलाएगा. यह राज्य के संपूर्ण क्षेत्र पर लागू होगा. प्राधिकार में एक अध्यक्ष, एक प्रबंध निदेशक एवं एक सदस्य सचिव होगा, जो राज्य सरकार द्वारा नामित किए जाएंगे।' संबंधित जिले के उपायुक्त प्राधिकार के अध्यक्ष होंगे. अगर किसी प्राधिकार के अंतर्गत दो जिलों के क्षेत्र आएंगे तो क्षेत्रफल व सुगमता के आधार पर किसी एक जिले के उपायुक्त को अध्यक्ष व इसी प्रकार अन्य सस्दयों को विभाग द्वारा नामित किया जाएगा. प्राधिकार की साधारण बैठक, प्रतिमाह अध्यक्ष द्वारा नियम तिथि, समय और स्थान पर होगी.

**प्राधिकार को दी गई हैं शक्तियां**

प्राधिकार को कई शक्तियां भी दी गई हैं जो अपने क्षेत्र की सड़कों, मकान की नालियों, भूमि और प्राधिकार की संपत्ति पर हुए अतिक्रमण को हटाने के लिए झारखंड नगरपालिका अधिनियम 2011 अध्याय 17 25, 26, 27, 37 एवं धारा 608 (2) में यथा निर्दिष्ट नगरपालिका के कमिश्नरों की शक्तियां होंगी. वहीं झारखंड पर्यटन विकास और निबंधन अधिनियम 2015 की शेष धाराएं यथावत रहेगी. प्राधिकार में संबंधित जिले का उप विकास आयुक्त या जैसा सरकार द्वारा अधिसूचित किया गया पदाधिकारी प्राधिकार का प्रबंध निदेशक होगा. प्रबंध निदेशक प्राधिकार का उपाध्यक्ष भी होगा तथा इससे संबंधित समस्त कार्यों का निर्वाहन करेगा. प्राधिकार के सदस्य सचिव के रूप में जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी अथवा राज्य प्रशासनिक सेवा के (मूल कोटि) के पद से अन्युन स्तर के पदाधिकारी को नामित किया जाएगा.

### विधेयक की फैक्ट फाइल

- 'प्राधिकार के सदस्य सचिव, अध्यक्ष अथवा प्रबंध निदेशक के सामान्य मार्गदर्शन के अधीन अन्य बातों के साथ-साथ कर्तव्यों का भी पालन करेगा
- वह प्राधिकार की ओर से सभी धन प्राप्त करेगा तथा उसके लिए रसीद देगा और उसका समुचित लेखा रखेगा
- वह प्राधिकार की निधि से वेतन और भत्तों के भुगतान तथा प्राधिकार के खर्चा को पूरा करने के लिए धन निकालेगा
- वह प्राधिकार के किसी आदेश को अभिप्रमाणित करेगा



# थैलेसीमिया पीड़ितों ने विधायक प्रदीप यादव का आभार व्यक्त किया

संवाददाता । रांची

रांची। आज विश्व मानवधिकार दिवस पर झारखंड थैलेसीमिया पीड़ित एसोसिएशन एवं लहू बोलेगा रक्तदान संगठन रांची के नेतृत्व में थैलेसीमिया/सिकल सेल पीड़ितों/परिजनों/रक्तदान आयोजकों/सामाजिक चिंतकों द्वारा परमवीर अल्बर्ट एक्का चौक पर झारखंड सरकार का आभार प्रकट कर सभी को मिठाई खिलाई गई एवं माननीय विधायक प्रदीप यादव को झारखंड मानवधिकार योद्धा सम्मान-2025 से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों एवं परिजनों द्वारा बुके,मिठाई एवं आशीर्वाद/दुआ दी।




आभार कार्यक्रम में रक्तदान एवं थैलेसीमिया संगठनकर्ता रक्तवीर नदीम खान एवं थैलेसीमिया पीड़ितों के परिजनों में देवकी देवी,फरेआह बिलकिस,सीमा देवी,बिमला कच्छप,ललिता देवी,लीला देवी,माजिदा खातून,तरन्नुम प्रवीण,अजीत कुमार मिश्रा पंडित जी,संजय महतो,पीड़ित बच्चों में सोनम कुमारी, प्रगति प्रकाश,राबे हसन लहू बोलेगा के साजिद उमर, अकरम राशिद,रवि दास,बुलंद अख़्तर एवं अन्य शामिल थे।

## थैलीसीमिया गंभीर बीमारी पर सत्र में सवाल उठाकर विधायक प्रदीप यादव वादा निभाया,साधुवाद बधाई : कैलाश यादव



### सत्तापक्ष और विपक्ष किडनी कैंसर जानलेवा बीमारी के लिए डायलिसिस और किमो थेरेपी की समुचित व्यवस्था के लिए संयुक्त चिता कर ठोस कार्य करे

संवाददाता । रांची

प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने कांग्रेस विधायक दल के प्रखर नेता विधायक प्रदीप यादव के द्वारा गंभीर बीमारी थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के सुदृढ़ इलाज के लिए स्वास्थ विभाग से सरकार को उच्चस्तरीय व्यवस्था की मांग कर विधानसभा सत्र में सवाल उठाने पर कोटिश साधुवाद बधाई दिया है !यादव ने कहा कि विगत दिनों लहू बोलेगा के बैनर तले विधायक क्लब में हुए कार्यक्रम के दौरान प्रदीप यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे और मै कैलाश यादव स्वयं राजद प्रतिनिधि के तौर पर बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित हुए थे ! विदित है कि थैलीसीमिया एक गंभीर बीमारी है जो जन्मजात बच्चे, शिशु और युवा वर्ग को खून की कमी के कारण जानलेवा होती है ! थैलीसीमिया देश के हिस्से में फैली हुई है लेकिन झारखंड राज्य में सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां प्रदूषित पानी, हवा और शुद्ध जीविकापार्जन नहीं होने के कारण अत्यधिक प्रभावित होते हैं !

प्रदेश राजद प्रवक्ता कैलाश यादव ने कांग्रेस विधायक दल के प्रखर नेता विधायक प्रदीप यादव के द्वारा गंभीर बीमारी थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के सुदृढ़ इलाज के लिए स्वास्थ विभाग से सरकार को उच्चस्तरीय व्यवस्था की मांग कर विधानसभा सत्र में सवाल उठाने पर कोटिश साधुवाद बधाई दिया है !यादव ने कहा कि विगत दिनों लहू बोलेगा के बैनर तले विधायक क्लब में हुए कार्यक्रम के दौरान प्रदीप यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल थे और मै कैलाश यादव स्वयं राजद प्रतिनिधि के तौर पर बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप उपस्थित हुए थे ! विदित है कि थैलीसीमिया एक गंभीर बीमारी है जो जन्मजात बच्चे, शिशु और युवा वर्ग को खून की कमी के कारण जानलेवा होती है ! थैलीसीमिया देश के हिस्से में फैली हुई है लेकिन झारखंड राज्य में सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जहां प्रदूषित पानी, हवा और शुद्ध जीविकापार्जन नहीं होने के कारण अत्यधिक प्रभावित होते हैं ! राज्य में थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों की संख्या आए दिन तेजी से बढ़ती जा रही है !जो सरकार के लिए काफी चिंता का विषय है ! थैलीसीमिया पीड़ित बच्चों के समुचित उपचार और खून की कमी नहीं हो इसके लिए विधायक प्रदीप यादव जी को विधानसभा के पटल पर सवाल उठाने के लिए आग्रह किया गया था ! राज्य के थैलीसीमिया पीड़ित परिवार के लिए काफी खुशी के विषय है कि विधायक प्रदीप यादव ने सत्र के दौरान सवाल उठाकर वादा निभाने का काम किया !यादव ने राजद की ओर मांग किया कि सत्तापक्ष एवं विपक्ष सहित तमाम जनप्रतिनिधि अपनी जिम्मेदारी समझ कर सरकार को समर्थन कर किडनी ,कैंसर जैसी गंभीर जानलेवा बीमारी के समुचित उपचार और उचित व्यवस्था के लिए डॉयलिसिस तथा किमो थेरेपी की उच्चस्तरीय साधन उपलब्ध कराने की ओर अविलंब कार्य करने के लिए संयुक्त विकल्प पर निर्णय लेना चाहिए !अस्पतालों में ब्लड बैंक की व्यवस्था जिसने ग्रुप खून की कमी न हो और ब्लड डोनेट करने वालों को उत्साहित करने के लिए सरकारी कैंप लगाने की ओर कदम बढ़ाने की जरूरत होनी चाहिए !

## कार्तिक पूर्णिमा पर कपाल घाट में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



धनबाद, संवाददाता

कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बुधवार को दामोदर नदी स्थित कपाल घाट (मुनीडीह ओपी क्षेत्र) में स्नान, दान और पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह होते ही दूर-दराज क्षेत्रों से हजारों की संख्या में श्रद्धालु घाट पर पहुँचने लगे। पवित्र दामोदर नदी में स्नान कर श्रद्धालुओं ने सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया और भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। घाट पर महिलाओं ने दीपदान कर कार्तिक स्नान का पारंपरिक अनुष्ठान पूरा किया। इस दौरान घाट पर धार्मिक भक्ति भाव का वातावरण व्याप्त रहा। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे।

## भावपूर्ण समदाओन गीतों के साथ सामा-चकेवा की विदाई, मिथिला सांस्कृतिक परिषद ने किया भव्य आयोजन

बोकारो, संवाददाता

मिथिलांचल में मनाये जाने वाला भाई-बहन के स्नेह का अतिपावन पर्व सामा-चकेवा बुधवार देर शाम बोकारो में संपन्न हुआ। बोकारो की प्रतिष्ठित संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद के तत्वावधान में नगर के सेक्टर-4ई स्थित मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में सामा-चकेवा पर्व का भव्य आयोजन किया गया। मैथिल-परम्परानुसार समदाओन आदि भावपूर्ण पारंपरिक गीतों के साथ सामा-चकेवा को भावनीभी विदाई दी गयी। चास-बोकारो के विभिन्न भागों से पहुंची महिलाओं ने मिट्टी निर्मित सामा-चकेवा की विधियां पूरी कीं। परंपरानुसार सामा-चकेवा, सतभइया, बृंदावन, चुगला, ढोलिया बजनिया, बन तितिर, पंडित और अन्य मूर्तियों के खिलौने वाले डाला को लेकर महिलायें जुटीं और



सन (पटुआ) से बने चुगला को जलाया। उसका मुंह झुलसाया। इसके बाद उन्हें सामूहिक रूप से विसर्जित किया।

इसके पूर्व, प्रारंभ में आगंतुकों का स्वागत परिषद् के सांस्कृतिक कार्यक्रम निदेशक अरुण कुमार पाठक ने किया। परिषद् के महासचिव नीरज चौधरी ने अपने संबोधन में कहा कि मिथिला की महान लोक संस्कृति से जुड़े भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक यह पर्व मात्र मिथिला में ही मनाये जाने की परंपरा रही है। इसकी चर्चा विष्णु-पुराण में भी मिलती है। मिथिला के पारंपरिक पर्व-त्योहारों व कला-संस्कृति से नई पीढ़ी को जोड़े रखने के उद्देश्य से परिषद् द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा, किरण मिश्रा, डॉ मंजु झा, वीणा झा, जयंती पाठक, बीनू चौधरी, आशा झा, इंदिरा झा, प्रीति प्रिया, कमला झा, अलका झा, शिखा चौधरी, उपासना, ममता झा, पिंकी, आशा पाठक, लीला झा, मुन्नी झा, पूनम झा, अपर्णा, बिनीता राय, कंचन सिन्हा आदि ने सामा-चकेवा पर्व के गीत वृंदावन में आगि लागल कियो ने बुझाबै हे..., चुगला लगन बिताकऽ एलै ससुरारी में..., देने जइयौ भईया के आशीष हे मनमोहिनी सामा..., कोने भैया के धोतिया आकाश सूखे हे पाताल डोले हे..., अरे भंवरा सामा जाई छै ससुरा किछु गहना दहिन..., सामचक-सामचक अईह हो जोतिला खेत में बसिह हे..., गाम के अधिकारी तोहें बड़का भैया हो..., समदाओन बड़ा रे जतन सँ हम सामा बेटी पोसलौं, सेहो सामा सासुर जाई... आदि गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियों से सबको आनंदित किया। इस अवसर पर मिथिला सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष जे पी चौधरी, मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सहित मिहिर झा राजू, अविनाश अवि, केसी झा, विजय कुमार झा आदि थे।

## रोड सेल संचालन समिति 7 नवंबर को गिद्दी सी, जिद्दी ए, रेलीगढ़ा का करेगी चक्का जाम

❖बताया 29 अक्टूबर को प्रबंधन को सौप था मांग पत्र नहीं हुई कोई सुनवाई

रामगढ़, संवाददाता

रोड सेल संचालन समिति की संयुक्त बैठक बुधवार को आयोजित हुई. इसमें रोड सेल के गिद्दी 'सी', जिद्दी 'ए', रेलीगढ़ा के सदस्य उपस्थित हुए. बैठक की अध्यक्षता लखनलाल महतो ने किया. बैठक में बताया गया कि बीते 29 अक्टूबर को गिद्दी सी, जिद्दी ए व रेलीगढ़ा में रोड सेल संचालन समितियों के द्वारा रोजगार के सवाल पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया था, जिसमें मांग पत्र द्वारा कोलयरी प्रबंधन को रोजगार के सवाल पर दिया गया, लेकिन कोलयरी प्रबंधन की ओर से अभी तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है, 7 दिनों के समय देने के बाद भी कोई पहल



नहीं हुई, जिसे लेकर लोकल सेल संचालन समिति 7 नवंबर को तीनों कोलयरी गिद्दी सी, गिद्दी 'ए', रेलीगढ़ा के ट्रांसपोटिंग व डिस्पैच बंद करने का निर्णय लिया है, साथ ही सभी तीनों परियोजनाओं के रोड सेल के सभी दंगल के मजदूरों से अपील किया गया कि एक दिवसीय ट्रांसपोटिंग बंदी में शामिल हो। बैठक में आरडी मांझी, राजेंद्र गोप, पप्पू सिंह, सुनील गंझू, शाहिद अंसारी, दिनेश्वर गंझू, राजेश महतो, मनोज महली, भीम साव, लक्ष्मी नारायण गंझू, बहादुर बेदिया, असलम अंसारी, तहसीम कमर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## टुण्डी के बराकर नदी तट पर कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धा का महासंगम हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

धनबाद, संवाददाता

टुण्डी प्रखंड के बराकर नदी तट पर आज बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धा का महासंगम तब देखने को मिला जब हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाते हुए बाबा नंदानाथ की दरबार में जयघोषों से पूरा दरबार गुंजायमान हो उठा और श्रद्धालु बड़े ही आत्मविश्वास के साथ उनके चरणों में माथा टेका और दीपों से उनके आसन को चारों ओर से जगमगाया गया। गौरतलब हो कि बराकर नदी तट पर कार्तिक पूर्णिमा के दिन बाबा के प्रति सच्ची सोच रखने वालों की जनसैलाब उमड़ पड़ता है और लोग दूरदराजों से पैदल चलकर आते हैं एक जल चढ़ाते उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। आज कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर बड़ों के अलावा बच्चे भी जल चढ़ाते हुए देखें गए। बाबा की सत्यता आज भी लोगों में कायम है इनकी



कृपा से कई लोग स्वस्थ जीवन के साथ साथ बाल बच्चों के साथ एक अच्छी जीवन जी रहे हैं। इनके दरबार में मांगी गई हर मनोकामना पूर्ण की जाती है। आज के दिन आसपास के अलावा धनबाद, गोविन्दपुर, गिरिडीह, राजगंज के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पधारे थे। आज के इस पावन दिवस पर भक्ति और विश्वास का अद्भूत नजारा देखने बनता था। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राजगंज निवासी नीलकंठ रवानी अपने सपत्नीक बराकर के पावन नदी तट पर आस्था की डुबकी लगाई और पूजा अर्चना किया। जबकि पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक ने भी आज कार्तिक पूर्णिमा जैसे पवित्र पर्व पर आस्था की डुबकी लगाते हुए अपने परिवार एवं कांग्रेस पार्टी की सत्ता वापसी के लिए प्रार्थनाएं की।

## घाटशिला उपचुनाव में लातेहार झामुमो के टॉप लेयर नेता पसीना बहाते हुए



लातेहार, संवाददाता

झामुमो के टॉप लेयर के नेता घाटशिला में हो रहे विधान सभा उपचुनाव में कैंपकर चुनावी तापमान बढ़ा दिया है, राजनीत के चाणक्य कहे जाने वाले पूर्व मंत्री बैद्यनाथ राम और जिला अध्यक्ष मोती लाल की जोड़ी ने घाटशिला में चुनाव प्रचार का जिम्मा उठा लिया है, ये दोनों राजनीतिक सुरमा घाटशिला विधान सभा क्षेत्र के धालभूमगढ़ प्रखंड के नरसिंहगढ़ गांव में ग्रामीणों से मिलकर अपने पार्टी का एजेंडा बताया और अपने प्रत्याशी सोमेश सोरेन को भारी बहुमत से जिताने की अपील की है, बैद्यनाथ राम ने खुद पार्टी का एजेंडा वाला प्रचार सामग्री को पढ़ कर लोगों को इससे अवगत कराने का काम कर रहे हैं, लातेहार जिला अध्यक्ष मोतीलाल ने कहा कि हमलोगों ने नरसिंह गढ़ को तीर धनुष मय कर दिए है,पार्टी का झंडा और पोस्टर और पार्टी के एजेंडा से क्षेत्र झामुमो मय हो गया है,झामुमो घाटशिला से भारी वोट से जीत हासिल करेगी, लातेहार जिला प्रवक्ता सुशील कुमार यादव भी अपने तेजतर्रार रणनीति से चुनाव में काफी योगदान दे रहे हैं।

## कतरास की बेटी ने बढ़ाया शान, सीए की परीक्षा पास की, लायंस क्लब ने सम्मानित किया

धनबाद, संवाददाता

कतरास बाजार एलआईसी ऑफिस के सामने रहने वाली पम्मी कुमारी ने सीए की परीक्षा पास कर न केवल कतरास का बल्कि पूरे कोयलांचल का मान बढ़ाया है। पम्मी के पिता किशोरी विश्वकर्मा मध्यम वर्गीय परिवार से आते हैं। वे कतरास हटिया में लोहा पीटने का काम करते हैं। पम्मी कुमारी वैसे छात्र - छात्राओं के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है जो साधारण से माहौल में रहकर बहुत ही कम साधन में अच्छे परिणाम देते हैं। उसके इस रिजल्ट से एक और जहां पूरे कतरास में हर्ष का माहौल है। वहीं दूसरी ओर बुधवार को लायंस क्लब ऑफ कतरास के सदस्यों ने पम्मी को सम्मानित कर समाज को सकारात्मक संदेश दिया। लायंस क्लब ऑफ कतरास ने बताया कि कतरास की बेटी पम्मी कुमारी ने सीए की परीक्षा पास कर पूरे कतरास कोयलांचल को गर्व करने का मौका दिया। बता दें कि पम्मी ने दशवीं राजेन्द्र कन्या उच्च



विद्यालय कतरास, 12वीं शिशु मंदिर श्यामडीह कतरास तथा बी कॉम की परीक्षा कोलकाता यूनिवर्सिटी से पास की। पम्मी ने बताया कि वो चार्टर्ड अकाउंटेंट बनना चाहती है।

क्लब के सक्रिय सदस्य डॉ स्वतंत्र कुमार व डॉ मधुमाला ने कहा कि हमारे होनहार बेटियां निरंतर हर क्षेत्र में अपना परचम लहराते हुए खुद को साबित कर रही हैं। इसका ताजा उदाहरण हाल ही में सम्पन्न हुए क्रिकेट वर्ल्ड चैंपियन में हमारी बेटियों का विजेता होना है। बेटियों को समय-समय पर सम्मान देकर उनका उत्साह बढ़ाना चाहिए। हमारी बेटियां भविष्य की वह हीरा है जो आने वाले समय में हमारे देश को, हमारे क्षेत्र को गौरवान्वित महसूस कराती रहेंगी। हमारी लायंस क्लब कतरास की पूरी टीम ऐसे होनहार बच्चों प्रोत्साहित करने के लिए हमेशा से अग्रसर रही है। मौके पर मुख्य रूप से पम्मी के पिता किशोरी विश्वकर्मा माता पायल देवी उपस्थित थे। लायंस क्लब कतरास से विभूति सिंह शैलेश बर्मन विष्णु चौरसिया सुरेश रजक डॉ स्वतंत्र एवं डॉ मधुबाला ने पम्मी को मोमेंटो और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया तथा उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## डीएवी सेक्टर-4 की शगुन और आराध्या ने अंतरराष्ट्रीय कला महोत्सव में मचाई धूम



बोकारो, संवाददाता

डीएवी पब्लिक स्कूल सेक्टर-4 की छात्राओं शगुन और आराध्या ने मथुरा-वृंदावन (उत्तर प्रदेश) स्थित बी.एस.ए. इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज परिसर में आयोजित श्री नृत्यांजलि संगठन के अंतराष्ट्रीय श्रीकृष्ण कला सांस्कृतिक महोत्सव में शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया। कक्षा नौवीं की छात्रा शगुन ने जूनियर वर्ग के कत्थक नृत्य प्रतियोगिता में लगभग 960 प्रतिभागियों को पछाड़कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं, कक्षा तीसरी की नन्ही आराध्या ने भी अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। देश के कोने-कोने से आए कलाकारों के बीच इन दोनों छात्राओं का प्रदर्शन सबके लिए प्रेरणास्त्रोत बना। विशेष प्रार्थना सभा में विजेताओं को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य एस.के. मिश्रा ने कहा कि ह्रहोनहार बिरवान के होत चिकने पातह्न– शगुन और आराध्या ने इस कहावत को साकार कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि दोनों छात्राओं का कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर अभ्यास उनकी सफलता की असली कुंजी है।

## सीएम हेमंत सोरेन ने किया लुगू बुरु महोत्सव का समापन, कल्पना सोरेन संग की पूजा-अर्चना

बोकारो, संवाददाता

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लुगू बुरु घांटाबाड़ी में आयोजित तीन दिवसीय धोरोम गाढ़ राजकीय महोत्सव-2025 का समापन मंगलवार को हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन तथा उनकी पत्नी कल्पना सोरेन शामिल हुईं। मुख्यमंत्री दंपति ने पुनाय थान में पारंपरिक विधि-विधान से लुगू बुरु बाबा की पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों के सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं शांति की कामना की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।



लुगू बुरू संताल समुदाय का सबसे बड़ा धार्मिक स्थल माना जाता है, जिसे संतालों का कुंभ भी कहा जाता है। मंगलवार सुबह से ही यहाँ आस्था और भक्ति का अनोखा संगम देखने को मिला। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ बाबा के दर्शन के लिए उमड़ पड़ी। प्रशासनिक आंकड़ों के अनुसार, अब तक दो लाख से अधिक श्रद्धालु पहाड़ की चढ़ाई कर लुगूबाबा के दर्शन कर चुके हैं। पुनाय थान परिसर में सुबह से श्रद्धालु पारंपरिक गीतों और नृत्यों के माध्यम से अपनी भक्ति व्यक्त करते रहे।

महोत्सव के दौरान टेंट सिटी परिसर में दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें उनके जीवन, संघर्ष और झारखंड आंदोलन के ऐतिहासिक क्षणों को दशार्या गया है। युवा वर्ग इस प्रदर्शनी से प्रेरणा ले रहा है। इसके अलावा दिशोम गुरु की स्मृति में निःशुल्क खिचड़ी सेवा भी जारी रही, जिसका संचालन बोकारो जिला प्रशासन एवं सोना सोबरन मेमोरियल सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। श्रद्धालु लुगूबाबा के दर्शन के बाद प्रसादस्वरूप खिचड़ी ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं।

## झारखंड +2 शिक्षक संघ के प्रांतीय संरक्षक सुनील कुमार का बोकारो आगमन पर भव्य स्वागत

बोकारो, संवाददाता

झारखंड +2 शिक्षक संघ के प्रांतीय संरक्षक सुनील कुमार के बोकारो आगमन पर जिला इकाई बोकारो की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया। जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक प्रतिनिधियों ने माल्यार्पण, अंगवस्त्र और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया। स्वागत समारोह के दौरान संघ के जिला पदाधिकारियों ने सुनील कुमार के नेतृत्व में संगठन की मजबूती, शिक्षकों के अधिकारों की रक्षा और उनके हितों से जुड़े आंदोलनों पर विस्तृत चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण की नींव हैं, और संघ शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु निरंतर संघर्षरत है। प्रांतीय संरक्षक सुनील कुमार ने बोकारो जिला



इकाई की एकजुटता, अनुशासन और सेवा भावना की सराहना की। उन्होंने कहा कि बोकारो संगठन सदैव पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणास्त्रोत रहा है। उन्होंने शिक्षकों से संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने और शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए मिलजुलकर कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पंकज कुमार सिंह, सचिव डॉ. अवनीश कुमार झा, संयुक्त सचिव डॉ. शक्ति पद महतो, प्रवक्ता-सह-मीडिया प्रभारी गौरव कुमार दुबे सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित थे।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक

**जमशेदपुर, संवाददाता**



समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में नार्कोटिक्स समन्वय समिति की बैठक आहूत की गई। जिसमें एसएसपी पीयूष पांडेय, एसपी सिटी कुमार शिवाशीष, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर भगीरथ प्रसाद, एसडीएम धालभूम चंद्रजीत सिंह, एसडीपीओ घाटशिला अजीत कुजूर, डीएसपी भोला प्रसाद, ड्रग्स इंस्पेक्टर समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक में एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज मामलों की समीक्षा एवं जिले में मादक पदार्थों की तस्करी, अवैध बिक्री एवं सेवन को रोकने के लिए चल रहे विभिन्न अभियानों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त ने कहा कि सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों के 100 मीटर की परिधि में यह सुनिश्चित करें कि नशापान की वस्तुओं की बिक्री नहीं हो। उन्होंने अभियान चलाते हुए स्कूली बच्चों को जागरूक करने तथा ठेला-गुमटी में सिगरेट या अन्य नशापान के वस्तुओं की बिक्री को हतोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबार करने वालों पर कड़ी कार्रवाई तथा युवाओं को इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर अभियान चलाये। बैठक में सभी स्कूल एवं कॉलेज परिसरों के आस-पास विशेष निगरानी रखने की बात कही गई। ताकि छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभाव से बचाया जा सके। वहीं एसएसपी ने थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि इंटेलिजेंस को मजबूत करें और नशा कारोबारियों को विरूद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें। कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति नहीं हो, पूरे नेटवर्क को खंगाले, ड्रग पैडलर के पूरे चेन के तह तक जाएं। बैठक में पुलिस, उत्पाद, ड्रग्स इंस्पेक्टर एवं अन्य विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अभिभावकों और युवाओं को नशे से होने वाले नुकसान और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देने की बात कही गई। साथ ही जनसाधारण से अपील किया गया कि ड्रग्स के अवैध व्यापार, सेवन, परिवहन की सूचना टोल फ्री नंबर 112 एवं पुलिस कंट्रोल रूम नंबर 0657-2431028 पर जरूर दें। बैठक में जिला के वरीय पदाधिकारियों के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, नगर निकायों के पदाधिकारी समेत ड्रग इंस्पेक्टर व अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी भी मौजूद थे।

## उपायुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आहूत की गई। जिसमें एसएसपी पीयूष पांडेय, एसपी सिटी कुमार शिवाशीष, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर भगीरथ प्रसाद, एसडीएम धालभूम चंद्रजीत सिंह, एसडीपीओ घाटशिला अजीत कुजूर, डीएमओ सतीश नायक समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहे। वहीं अंचलाधिकारी तथा थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में पिछले तीन माह में जिले में अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए गठित टास्क फोर्स, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं संबंधित विभागों द्वारा की गई कार्रवाई को संतोषजनक नहीं पाये जाने पर बहरागोड़ा, चाकुलिया, जमशेदपुर को छोड़कर अन्य सभी अंचलाधिकारी एवं संबंधित अंचल के थाना प्रभारियों को उपायुक्त द्वारा शो-कॉज करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी अंचल में खनिजों का अवैध खनन और परिवहन की स्थिति में संबंधित सीओ और थाना प्रभारी की जवाबदेही तय होगी। सभी अंचल अधिकारियों तथा थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र में लगातार भ्रमणशील रहते हुए खनन माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने का निदेश दिया। उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को बालू की कालाबाजारी रोकने, अवैध स्टॉक के विरूद्ध अभियान चला कर कारोबार में संलिप्त लोगों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने तथा जब्त लघु खनिजों की नीलामी कराकर राजस्व बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ ही लाइसेंसी बालू डीलर के स्टॉक यार्ड से आम नागरिक वैध तरीके से कैसे बालू की खरीदारी कर सकते हैं इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार का निदेश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए जिला प्रशासन की ओर से निरंतर अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषी व्यक्तियों, संचालकों एवं वाहन मालिकों के विरुद्ध नियमों के अनुरूप कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों खनन, पुलिस, वन, परिवहन एवं प्रदूषण नियंत्रण को आपसी तालमेल और त्वरित सूचना आदान-प्रदान के साथ अभियान चलाने के निर्देश दिए, ताकि खनिज संपदा की सुरक्षा, राजस्व वृद्धि एवं पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित किया जा सके। उन्होने कहा कि जनहित और राज्यहित में खनन गतिविधियों को पूरी तरह कानून के दायरे में संचालित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसके लिए प्रशासन हर स्तर पर सख्त रुख अपनाएगा।

## पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत मॉडल सोलर विलेज निर्माण को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में बैठक

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार में पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत मॉडल सोलर विलेज निर्माण के प्रगति की समीक्षा बैठक उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें पूर्व के जिला स्तरीय समिति की बैठक में दिए गए दिशा-निर्देश के अनुपालन पर चर्चा कर सभी संबंधित बीडीओ से ग्राउंड रिपोर्ट प्राप्त किया गया। बीडीओ द्वारा दस चयनित गांवों में वर्तमान में सोलर ऊर्जा से कौन-कौन से योजना संचालित है और किस योजना का संचालन किया जा सकता है, जिससे एक बड़े वर्ग समूह को फायदा हो इसपर विस्तार से विमर्श किया गया। गौरतलब है कि मॉडल सोलर विलेज निर्माण के लिए जिले के 7 प्रखंडों के 10 गांवों का चयन किया गया है। जिनमें मुसाबनी प्रखंड में पारुलिया और धोबनी, धालभूमगढ़ में कोकपाड़ा-नरसिंहगढ़, घाटशिला का बड़ाजुड़ी, पोटका में हाड़तोपा और कालिकापुर, बहरागोड़ा का मानुषमुड़िया, पटमदा में बड़ा बांगुड़दा और बिडरा तथा बोड़ाम प्रखंड का बोड़ाम गांव शामिल हैं। उक्त गांवों का चयन 5000 से अधिक आबादी वाले गांव अथवा जिले में ऐसे 10 गांव के नहीं होने पर अधिकतम आबादी वाले गांवों के रूप में चिन्हित किया गया है। उपरोक्त गांवों में दिसंबर 2025 से मई 2026 तक छह माह का चैंलेज पीरियड निर्धारित किया गया है। इस दौरान पीएम-कुसुम तथा अन्य सौर ऊर्जा आधारित योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों का स्थापना/वितरण एवं गांवों के मध्य स्वस्थ प्रतियोगिता को प्रोत्साहित किया जाएगा। छह माह के अंत में जिस गांव में अधिकतम रिनेवबल इनर्जी अधिष्ठापन क्षमता होगी। उसे ह्यमॉडल सोलर विलेजह्न घोषित किया जाएगा। विजेता गांव को 1 करोड़ रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।उपायुक्त द्वारा सभी बीडीओ को निर्देशित किया गया कि चयनित सभी गांवों में ग्राम सभा आयोजित कर ग्रामीणों को योजना की विस्तृत जानकारी दें। विभिन्न विभागों द्वारा संचालित सोलर योजनाओं की पात्रता, सब्सिडी एवं आवेदन प्रक्रिया स्पष्ट रूप से समझाई जाए। विभाग परस्पर समन्वय स्थापित कर योजना के सफल क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। सरकारी भवनों की छत पर सोलर पैनल स्थापना, पीएम-कुसुम के विभिन्न घटकों का क्रियान्वयन, सोलर आधारित सिंचाई, सोलर स्ट्रीट लाइट, सोलर हाई मास्क लाइट आदि पर व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार कर समयबद्ध कार्रवाई की जाए।

# कुंदरूकला आँगनबाड़ी केंद्रो मे स्वेटर वितरण किया गया



**रामगढ़, संवाददाता**

रामगढ़ प्रखंड क्षेत्र कुन्दरू कलाँ पंचायत अंतर्गत संचालित सभी आँगनबाड़ी केन्द्रो मे बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया,सर्दी का मौसम और बढ़ती हुई जोरदार कड़ाके की ठंड को देखते हुए, झारखण्ड सरकार के द्वारा सभी आँगनबाड़ी केंद्र पर स्वेटर की आपूर्ति की जा रही है,कुंदरू कला मे सभी केन्द्रो पर ठंड से निजात पाने हेतू कई दर्जन बच्चे बच्चियों को स्वेटर दिया।वितरण कार्यक्रम मे मुख्य रूप से रामगढ़ जिला परिषद सदस्य धनेश्वर महतो कुन्दरू कलाँ मुखिया किशुन मुण्डा के द्वारा संयुक्त रूप से वितरित किया गया, इस मौके पर सभी आँगनबाड़ी केन्द्रो के सेविका-सहायिका की उपस्थिति मे वितरण हुआ, मौके पर आंगनबाड़ी सरैया केंद्र की सेविका कुसुम देवी मंजू देवी नवाडीह केंद्र की सेविका मंजू देवी,दसमी देवी,पत्थरगढवा की सेविका नलिनी महतो कुन्ती देवी करमाली टोला की सेविका सुरती देवी लीला देवी,करम टोला की सेविका शीला देवी,सुशीला देवी मुस्लिम टोला केंद्र के सेविका शम्मा बेगम तबस्सुम जहाँ सहित केंद्र के नन्हें बच्चे-बच्चियां व अभिभावक मौजूद थे ।

# रोजगार मेला में 253 युवक युवतियों का नौकरी के लिए विभिन्न कंपनियों में चयन किया गया

**रामगढ़, संवाददाता**



झारखंड सरकार श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के तत्वाधान में जिला नियोजनालय, रामगढ़ द्वारा दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार योजना के तहत रोजगार मेला - 2025 का आयोजन 10 दिसम्बर 2025 को स्थानीय छावनी परिषद् फुटबाल मैदान, रामगढ़ में किया गया। मेले का उद्घाटन श्रम अधीक्षक-सह-जिला कौषल पदाधिकारी, रामगढ़ श्री अनील कुमार रंजन एवं जिला नियोजन पदाधिकारी, रामगढ़, श्री धनंजय कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। दंतोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2025 के सफल आयोजन जिला नियोजन पदाधिकारी श्री धनंजय कुमार के मार्ग दर्शन में हुआ। उन्होने बताया कि इस रोजगार मेला में राज्य के शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में नियोजन प्रदान करने के अवसर उपलब्ध कराने के उद्धेश्य से के स्थानीय नियोजको ¼In Jan Jyoti Private ITI, Patratu Basti, Ramgarh, Parallax Honda, Ramgarh, Excel Data Services, RamgÔrh, LIC of India, Ramgarh etc) एवं देश के अन्य भाग से आए नियोजकों (¼Freedom Employbility Academy, Delhi, Employability Bridge Co, Tamilnadu, Shyam SEL, Assnsol etc) से रिक्तियों प्राप्त हुई है। जिला प्रशासन का प्रयास से स्थानीय स्तर पर ज्यादा से ज्यादा रिक्त संग्रह कर बेरोजगार युवक-युवतियों को अपने क्षेत्र में ही रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्य अतिथि श्री अनील कुमार रंजन ने भव्य रोजगार मेला के आयोजन के लिए एवं एक मंच पर नियोजको एवं नौकरी की चाह रखने वाले बेरोजगार युवक/युवतियों को साधन उपलब्ध करने के लिए जिला नियोजन कार्यालय का अभार व्यक्त किया। उन्होने रोजगार मेले में आए बेरोजगार युवक/युवतियों का प्रोत्साहित करते हुए कहा की रामगढ़ जिले के स्थानीय नियोजको एवं देश के अन्य भाग से आए नियोजकों से प्राप्त रिक्तियों में से अपनी योग्यता एवं रूची के अनुरूप कार्य का चयन कर आवेदन करे एवं सरकार के द्वारा चलाये जा रहे इस आयोजन का लाभ प्राप्त करें। उन्होने बताया कि सरकार द्वारा झारखण्ड कौषल विकास मिषन सोसाईटी के द्वारा विभिन्न टेज्ड में बेरोजगार युवक/युवतियों के लिए निःषुल्क कौषल प्रषिक्षण प्रदान किया जा रहा है जहॉ पर प्रषिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त उन्हे रोजगार भी उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों के उपलब्ध विभिन्न सुविधाओं की भी जानकारी उपलब्ध कराई गई। रोजगार मेला में कुल 253 युवक/युवतियों का चयन किया गया। साथ ही कुल 406 युवक/युवतियों को अगले चरण के लिए Shorlist किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा मेला स्थल में सांकेतिक रूप में कुल 12 युवक/युवतियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया इस रोजगार मेला को सफल आयोजन में शेख अमजद इमाम, वंदना कुमारी, कुलदीप सिंह, विक्रम कुमार, जितेन्द्र कुमार, बबलु नायक, नरेश कुमार महतो, खुर्शीद आलम आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एस्पायर मदर्स विंग्स ने विशेष बच्चों व युवाओं की प्रतिभा को दिया मंच, रंगारंग कार्यक्रम में गंजी तालियों



**जमशेदपुर, संवाददाता**

एस्पायर मदर्स विंग्स के तत्वावधान में गोलमुरी स्थित उत्कल समाज में आयोजित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में विशेष बच्चों और युवाओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। वहीं कार्यक्रम में मुख्य रूप से सीआरसी रांची से अशोक प्रधान, सदर अस्पताल से डॉ कमलेश कुमार व डॉ राजीव लोचन, ह्लसबलह्न संस्था से तेनिक, ह्लनई दिशाह्न से संदीप, रोटरी क्लब की अध्यक्ष डॉ रेनुका चौधरी, समाजसेवी पुर्बी घोष, लायंस क्लब की अध्यक्ष आरती पांडे और सम्पूर्ण लायंस परिवार तथा लायंस कालीमाटी टीम भी शामिल हुए। इस दौरान अतिथियों ने विशेष प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन करते हुए एस्पायर मदर्स विंग्स के इस पहल की सराहना भी की। कार्यक्रम में विशेष बच्चों के डांस, सिंगिंग, योगा, फैशन शो, मिमिक्री और कविता पाठ ने उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष बच्चों को एक मंच प्रदान कर समाज में उनकी क्षमताओं को पहचान देना था। जिसे उपस्थित जनों ने खूब सराहा। मौके पर विशेष माताओं के रूप में अमृता कुलताज, डॉ निबेदिता, पुष्पलता, अदिति यादव, सोनाली सरकार, प्रीति सिन्हा और ममता पाढ़ी समेत अन्य भी मौजूद थे।

# जिले भर में अवैध रूप से संचालित ईंट भट्ठो के संचालन पर रोक लगाने को लेकर डीसी ने पत्र लिखा

## वैध अनुमति लाइसेंस एवं कागजात की भी कड़ाई से जांच करें

**रामगढ़, संवाददाता**



**जिन अधिकारियों को डीसी ने पत्र लिखा है वे हैं**

| | |
|---|---|
| पुलिस अधीक्षक, रामगढ़। | पुलिस उपाधीक्षक (मु0), रामगढ़। |
| वन प्रमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़। | जिला खनन पदाधिकारी, रामगढ़। |
| अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, रामगढ़ / पतरातू। | सभी अंचल अधिकारी, रामगढ़ जिला। |
| | सभी थाना/ओ0पी0 प्रभारी। |

रामगढ़ के अनुभवी एवं कड़क डीसी फैज आक अहमद मुमताज ने जिला भर में चल रहे अवैध ईंट भट्ठो के खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई शुरू कर दिया। इसके तहत जिला भर में चल रहे अवैध ईंट भट्टों के खिलाफ जिला भर में रोक लगाने को लेकर जिला के पुलिस कप्तान वन प्रमंडल पदाधिकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ एवं पतरातु पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय जिला खनन पदाधिकारी सभी अंचल अधिकारी सभी थानापभारी एवं सभी उप प्रभारी को कड़ा पत्र लिखकर इसे रोकने का आदेश दिया है हर हाल में। उन्होंने पत्र में संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट आदेश देते हुए लिखा है कि हर हाल में चल रहे अवैध भट्टों पर प्रतिबंध पूर्ण रूप से लगाने का कार्य करें, साथ ही साथ उन्होंने यह भी आदेश दिया है कि बिना वेद अनुमति लाइसेंस एवं कागजात के बिना क्षेत्र में अवैध ईंट भट्टों का कार्य चलना नहीं चाहिए। डीसी के इस पत्र से जिला भर में अवैध कार्य में लिफ्ट लोगों के बीच हड़कंप मचेगा।

# बुधबाजार सिरका के समीप जंगल में छुपाकर रखें गए 10 टन अवैध कोयला हुआ बरामद



**सुरक्षा बल की टीम द्वारा की गई थी कार्रवाई, वहीं रामगढ़ पुलिस के साथ की की गई संयुक्त कार्रवाई में कोयला डिपो से खडेड़े गए कोयला चोर**

**रामगढ़, संवाददाता**

क्षेत्रीय सुरक्षा अधिकारी अरगड्डा क्षेत्र के निर्देश पर बुध बाजार स्थित जंगल में कोयला चोरो द्वारा छुपाकर रखे गए तकरीबन 10 टन अवैध कोयले को सुरक्षा विभाग की टीम एवं रामगढ पुलिस द्वारा बरामद किया गया। बरामद कोयले को सिरका परियोजना के कोयला स्टॉक में रखवा दिया गया। उक्त छापामारी अभियान में जीएम यूनिट के एएसएसआई जितेन्द्र, सिरका समूह के एसआई राजू राम तथा होमगार्ड जवानों की टीम सक्रिय रही। उधर दोपहर में रामगढ़ थाना पुलिस के सहयोग से सिरका नया कोयला डीपो क्षेत्र में छापेमारी की गई।जहां बड़ी संख्या में घुसे कोयला चोरों को खदेड़कर भगाया गया। परन्तु रामगढ़ पुलिस और सुरक्षा बल की संयुक्त कार्रवाई भी कोयला चोरी को रोकने में असफल साबित हो रही है।

# बीएसएल द्वारा 14 दिसंबर से हैप्पी स्ट्रीट की शुरूआत, बोकारो में सक्रिय जीवनशैली को मिलेगा बढ़ावा

**बोकारो, संवाददाता**



विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) के तत्वावधान में हैप्पी स्ट्रीट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारम्भ 14 दिसंबर को सुबह 7:30 बजे किया जाएगा, जिसमें बीएसएल के वरीय अधिकारियों सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बीएसएल द्वारा आवश्यक तैयारियाँ प्रारंभ कर दी गई हैं। एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो थीम पर आधारित इस आयोजन में बोकारो के विभिन्न विद्यालय, शिक्षण संस्थान, बोकारो महिला समिति, संगीत कला अकादमी, सीआईएसएफ, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, रोटरी क्लब ऑफ मिड टाउन कपल्स, पोस्टल फिलाटेली ग्रुप, एक्ससर्विसमैन एसोसिएशन सहित कई सामाजिक संस्थाएँ भाग लेंगी। इसके साथ ही सभी नगरवासी भी इसमें शामिल होकर विभिन्न गतिविधियों का आनंद ले सकेंगे।

कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को स्वस्थ, सक्रिय और खुशहाल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अवसर पर सांस्कृतिक एवं खेल गतिविधियों से जुड़े विशेषज्ञ अपने प्रदर्शन के माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के संचालन के लिए बोकारो मॉल मोड़ से गांधी चौक तक की दोनों लेन को सुबह 7:00 बजे से 10:00 बजे तक आने वाले कुछ रविवार को वाहनों के लिए अस्थायी रूप से बंद रखा जाएगा। हैप्पी स्ट्रीट के माध्यम से बोकारोवासी मनोरंजक, स्वास्थ्यवर्धक और समुदाय को जोड़ने वाली गतिविधियों का अनुभव कर सकेंगे तथा एक्टिव बोकारो, हेल्दी बोकारो के संदेश को आत्मसात कर पाएंगे।

# अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर बोकारो में हजारीबाग प्रमंडल ने मनाया समारोह



**बोकारो, संवाददाता**

अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के अवसर पर मानव अधिकार मिशन हजारीबाग प्रमंडल द्वारा बुधवार को बोकारो में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मानव अधिकार मिशन के अधिकारियों ने मानवाधिकार दिवस का केक काटकर उत्साहपूर्वक इसे मनाया। कार्यक्रम में मानव अधिकार मिशन के झारखंड प्रभारी कर्ण सिंह चौधरी, हजारीबाग प्रमंडल के महासचिव आशीष महथा, जिला उपाध्यक्ष अखिलेश शर्मा और बोकारो जिलाध्यक्ष किरण चंद्र बाउरी राकेश सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अधिकारियों ने मानवाधिकारों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने मौलिक अधिकारों की जानकारी होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि समाज में व्याप्त अन्याय, उत्पीड़न और मानवाधिकार उल्लंघन को रोकने के लिए जागरूकता अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में मानव अधिकार मिशन के सदस्यों ने लोगों को मानवाधिकार संरक्षण से जुड़ी नियमावली, शिकायत प्रक्रिया और कानूनी सहायता के बारे में भी जानकारी दी। कार्यक्रम का समापन आपसी एकजुटता और मानवाधिकार संरक्षण के संकल्प के साथ हुआ।

# 21लाख मुआवजा और एक डीवीसी ऐश पौंड में मृतक के परिजन को नियोजन पर हुई सहमती

**बेरमो बीडीओ मुकेश कुमार की अध्यक्षता में हुई वार्ता**

**बोकारो, संवाददाता**



डीवीसी बोकारो थर्मल नूरीनगर स्थित ऐश पौंड में मंगलवार को ऐश पौंड में कार्यरत सह गोविंदपुर ए पंचायत के पूर्व पंचायत सदस्य नूरीनगर निवासी 65 वर्षीय मो.मनीरुद्दीन को एक हाईवा ट्रक द्वार कुचल देने से मौत हो गयी थी। जिससे परिजन सहित ग्रामीणों द्वारा मुआवजा कि मांग को लेकर एस पौंड की कार्य पंप कर दिया गया था, जिसे बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार की अध्यक्षता में बैठक कर आम सहमति जताते हुए मृतक मनीरुद्दीन के परिजन को इक्कीस लाख(21लाख) सहित एक व्यक्ति को एस पौंड में नियोजन पर बना । उसके बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों ने ले गया । बताया जाता है कि मृतक मनीरुद्दीन एस पौंड के एक सुपरवाइजर था जो रोजाना की तरह अपने आवास नूरीनगर से अपने दो पहिया मोटरसाइकिल खल09अह-7671 से सुबह करीब सात बजे अपने कार्यस्थल छाई पौंड पहुंचते ही कांटा घर के समीप से तेज रफ्तार से आ रही हाईवा JH02BP-4606 दो पहिया वाहन मोटरसाइकिल को रौंदते हुए निकल गई। जिससे मनीरुद्दीन गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसमें ऐश पौंड में कार्यरत मजदूरों ने हाईवा को रोका, और घटना की सूचना उनकी परिजनों को दिया।

ऐश पौंड में कार्यरत मजदूरों ने अनन फनन में उसे बोकारो थर्मल डीवीसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टरों ने बेहतर इलाज के लिए बोकारो स्टील बीजीएच अस्पताल रेफर कर दिया। परन्तु उनकी मृत्यु हो गई। दुर्घटना की सूचना पाकर गोविंदपुर ए पंचायत मुखिया अंजू आलम, जिला परिषद शाहजादी बानौ, बेरमो मुखिया संघ के अध्यक्ष चंद्रदेव घांसी, गोविंदपुर सी पंचायत मुखिया बब्लू उर्फ विकास सिंह, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव, मंजूर आलम, महबूब आलम आदि जनप्रतिनिधि घटना स्थल पहुंच कर धरना पर बैठ गये थे। इसकी सूचना जैसे ही बोकारो थर्मल थाना, कथारा ओपी थाना, पेंक नारायणपुर थाना की पुलिस अपने दल बल के साथ घटना स्थल ऐश पौंड पहुंचे और आक्रोशित लोगों को शांत कराया था। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और मजदूरों कहना था कि यह जेडेनेक्स कंपनी के प्रतिनिधि मुकेश पांडेय और हाईवा मालिक तोफिक अंसारी के मिलीभगत से हाईवा से कुचल कर मौत की घाट उतार दी। मृतक के परिजनों ने 50 लाख मुआवजा और डीवीसी ऐश पौंड में एक नियोजन की मांग पुरी करना होगा। घटना की सूचना पाकर बेरमो प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश कुमार, बेरमो अंचल अधिकारी संजीत कुमार सिंह, डीवीसी उपमहाप्रबंधक कालीचरण शर्मा भी घटना स्थल पहुंचे और घटना स्थल पर मौजूद जनप्रतिनिधियों से मिलकर घटना की जायजा लिया। और मौजूद जनप्रतिनिधियों से कहा कि हमें दो घंटा के समय दीजिए। हम बात चीत कर समस्या का समाधान कर लिया जाएगा। और मृतक के परिजनों को उचित से उचित मुआवजा कैसे मिले इसको लेकर विचार विमर्श किया जायेगा। मजदूर हित के लिए डीवीसी प्रबंधन सदैव तत्पर खड़ा रहता है। अंततः बेरमो पदाधिकारी मुकेश कुमार जिला समाहर्ता मुमताज अंसारी, डीवीसी परियोजना प्रधान सुशील कुमार अरजरिया, उपमहाप्रबंधक कालीचरण शर्मा और जिला प्रशासन व जेडेनेक्स कंपनी के प्रतिनिधि के साथ वार्ता हुई और पुनः चालू हो गया।



# छोरी 2 के बाद अब छोरी 3 के लिए पूरी तरह तैयार हैं नुसरत भरुचा

हाल ही में अपने एक इंटरव्यू के दौरान नुसरत भरुचा ने छोरी 2 के सफ़र पर की दिल छू लेने वाली बात कहते हुए बताया कि एक लड़की के लिए अपना फ्रेंचाइज़ी बनाना आसान नहीं होता, लेकिन उन्होंने इसे आखिरकार कर ही दिखाया। इसमें दो राय नहीं है कि नुसरत भरुचा ने एक ऐसे दौर में अपनी अलग जगह बनाई है, जहाँ महिला-प्रधान फिल्म फ्रेंचाइज़ी बहुत कम देखने को मिलती हैं। छोरी के बाद छोरी 2 के सफल प्रदर्शन के बाद नुसरत अब हॉरर यूनिवर्स के अगले चरण यानी छोरी 3 के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हालांकि वे इसे एक ऐसी उपलब्धि मानती हैं, जो चुनौतीपूर्ण होने के साथ-साथ बेहद संतोषजनक भी है। अपने फ़िल्मी सफ़र पर बात करते हुए नुसरत ने कहा, छोरी 1 और 2 मेरे लिए बहुत मायने रखते हैं। अब हम एक और भाग शुरू कर रहे हैं, और सच कहूँ तो एक लड़की के लिए अपनी खुद की फ्रेंचाइज़ी बनाना वाकई बहुत मुश्किल होता है। हालांकि मैं खुद को बहुत भाग्यशाली मानती हूँ कि इसमें मेरे प्रोड्यूसर, मेरे डायरेक्टर और हर को-एक्टर ने मेरा भरपूर साथ दिया। सच, मैं ये उस लड़की की तरह कह रही हूँ, जिसे लगता था कि वो सिर्फ़ एक रोम-कॉम एक्ट्रेस बनकर ही रह जाएगी। सो छोरी की तरफ़ से ये आप सबके लिए है। नुसरत के लिए छोरी सिर्फ़ एक फिल्म नहीं, बल्कि एक व्यक्तिगत विकास की यात्रा है। हल्की-फुल्की रोमांटिक फिल्मों से पहचान बनाने वाली नुसरत मानती हैं कि वह हमेशा खुद को रोम-कॉम एक्ट्रेस ही समझती थीं, लेकिन छोरी ने उन्हें एक नए क्रिएटिव ज़ोन में पहुँचाया, जहाँ डर, गहराई, संवेदनशीलता और सामाजिक संदेश एक साथ जुड़ते हैं। फिलहाल छोरी 3 के साथ वे इसके अगले अध्याय में कदम रखने जा रही हैं। साथ ही अपनी इस सफलता को वे हर उस लड़की को समर्पित करती हैं जो अपनी राह नए सिरे से तय कर रही है, जो ये साबित करती है कि हिम्मत और विश्वास से कोई कुछ भी हासिल किया जा सकता है, फिर वो चाहे कितना भी असम्भव क्यों न लग रहा हो।



# रश्मिका मंदाना से लेकर नयनतारा तक, साउथ की इन अभिनेत्रियों ने जीता बॉलीवुड के दर्शकों का दिल

भारत एक ऐसा देश है जहां पर प्रतिभा की कद्र की जाती है। इसका एक उदाहरण है साउथ अभिनेत्रियों का बॉलीवुड में काम करना। साउथ की कई अभिनेत्रियों ने अपनी अदाकारी से बॉलीवुड के दर्शकों का दिल जीता है। अब वह बॉलीवुड में सबसे ज्यादा मशहूर अभिनेत्रियों में शामिल हैं। इस खबर में हम साउथ की उन अभिनेत्रियों के बारे में जानेंगे जिन्हें हिंदी पट्टी के दर्शक खूब पसंद करते हैं।

## रश्मिका मंदाना

साउथ की अभिनेत्री रश्मिका मंदाना ने साल 2023 में फिल्म मिशन मजनू से बॉलीवुड में अपने करियर की शुरुआत की। उन्होंने हिंदी सिनेमा में अपनी अदाकारी से इस तरह पहचान बना ली है, मानो वह शुरू से ही बॉलीवुड में काम करती रही हों। बॉलीवुड में डेब्यू के साथ उन्होंने साबित कर दिया कि भावनाओं को जाहिर करने के लिए भाषा बाधा नहीं बनती है।

## तमन्ना भाटिया



तमन्ना भाटिया को हिंदी पट्टी का लगभग हर व्यक्ति जानता है। उन्होंने साल 2005 में फिल्म चांद सा रोशन चेहरा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। शुरू से ही उन्होंने अपने अभिनय का जलवा दिखाया। अब वह बॉलीवुड का चमकता सितारा हैं। वह रोमांस से लेकर ड्रामा तक, सभी तरह की फिल्मों में अच्छा अभिनय करती हैं।

## कीर्ति सुरेश



साल 2024 में रिलीज हुई फिल्म बेबी जॉन से कीर्ति सुरेश ने बॉलीवुड में कदम रखा। वह आसानी से अलग-अलग तरह की भूमिकाओं को करती हैं। बॉलीवुड के दर्शक उनकी शालीनता से आकर्षित होते हैं। यही वजह है कि हिंदी पट्टी में उन्हें कम वक्त में काफी शोहरत मिली है।

## नयनतारा



नयनतारा साउथ में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं। साल 2023 में उन्होंने फिल्म जवान से बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने शाहरुख खान के साथ ऐसी अदाकारी कि दर्शक उनके कायल हो गए। उनकी अदाकारी कई दूसरी अभिनेत्रियों के लिए प्रेरणा है।

## सामंथा रुथ प्रभु



सामंथा रुथ प्रभु ने साल 2012 में फिल्म एक दीवाना था से बॉलीवुड में कदम रखा। साउथ में अपनी पहचान बनाने के बाद उन्होंने बॉलीवुड में भी पहचान बना ली है। अपने अभिनय की वजह से फिल्हाल वह भारत की सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली अभिनेत्रियों में से एक हैं।



# इक्कीस में अपने किरदार को लेकर अगस्त्य नंदा ने की बात

**हाल ही में मुंबई के नेवी नगर में हुए एक कार्यक्रम में अगस्त्य नंदा ने अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म इक्कीस को लेकर कई बातों का खुलासा किया। इस फिल्म में अगस्त्य ने सबसे कम उम्र के परमवीर चक्र विजेता सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल का किरदार निभाया है। अपने किरदार को लेकर जानें क्या है अभिनेता की राय।**

## दुनिया बदलने के लिए उम्र की सीमा नहीं होती

अगस्त्य नंदा ने अपने किरदार को लेकर कहा, हम तीन साल से इस फिल्म के लिए कड़ी ट्रेनिंग कर रहे हैं। अरुण खेत्रपाल सिर्फ 21 साल के थे, फिर भी उन्होंने जो बहादुरी दिखाई, वह आज की युवा पीढ़ी के लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है। मुझे उम्मीद है कि युवा इस फिल्म को देखकर समझेंगे कि दुनिया बदलने के लिए कभी भी कम उम्र नहीं देखी जाती।

## कब सामने आई थी फिल्म की कहानी

श्रीराम राघवन ने बताया कि यह कहानी उन्हें 7 साल पहले पता चली थी। वे अरुण खेत्रपाल की पुण्यतिथि पर चंडीगढ़ भी गए थे। उन्होंने कहा, यह फिल्म बनाना बहुत मुश्किल था, लेकिन मैंने दिल से कोशिश की है कि उनकी बहादुरी की कहानी सही तरीके से दिखे।

## फिल्म को लेकर भावुक हुए दिनेश विजन



इस फिल्म के निर्माता दिनेश विजन ने कहा, हमने बहुत सारी फिल्में बनाई हैं, लेकिन 'इक्कीस' हमारे लिए सिर्फ फिल्म नहीं, एक भावना है। यह हमारी अब तक की सबसे अच्छी फिल्म है। यह फिल्म हमें इंसान बनना सिखाती है। एक 21 साल का जवान जो कर सकता है, वह हम सोच भी नहीं सकते।

## इक्कीस के बारे में

अभिनेता अगस्त्य नंदा ने फिल्म इक्कीस में अरुण खेत्रपाल का किरदार निभाया है। यह फिल्म 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में बसंतर की लड़ाई में 21 साल की उम्र में शहीद हुए अरुण खेत्रपाल की सच्ची कहानी है। फिल्म का निर्देशन मशहूर डायरेक्टर श्रीराम राघवन ने किया है। दिनेश विजन ने फिल्म का निर्माण किया है। इस फिल्म में अगस्त्य नंदा के साथ जयदीप अहलावत, धर्मेंद्र, सिकंदर खेर समेत कई कलाकार हैं। यह धर्मेंद्र की आखिरी फिल्म है।

# अपने तेलुगु डेब्यू को तैयार गुलशन देवैया

## सामंथा के बैनर तले बन रही फिल्म में आएंगे नजर



हिंदी फिल्मों में अपने अभिनय से प्रभावित करने के बाद अब अभिनेता गुलशन देवैया पैन इंडिया एक्टर बनने की ओर अग्रसर हैं। बीते दिनों वो ब्लॉकबस्टर कन्नड़ फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' में ऋषभ शेट्टी के साथ नजर आए थे। इस फिल्म में गुलशन निगेटिव रोल में दिखे थे। अब गुलशन देवैया अपने तेलुगु डेब्यू के लिए तैयार हैं। तेलुगु में गुलशन अभिनेत्री व प्रोड्यूसर सामंथा रुथ प्रभु के साथ अपनी शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। वो सामंथा स्टारर और उनके प्रोडक्शन हाउस त्रालाला मूविंग पिक्चर्स के अंतर्गत बन रही फिल्म 'मां इंति बंगारम' से तेलुगु सिनेमा में अपनी शुरुआत करने जा रहे हैं।

### माधवन और सामंथा भी निभाएंगे प्रमुख भूमिकाएं

'मां इंति बंगारम' में गुलशन देवैया के साथ सामंथा रुथ प्रभु और आर माधवन भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। सामंथा रुथ प्रभु की त्रालाला मूविंग पिक्चर्स ही इस फिल्म का निर्माण भी कर रही है। हाल ही में गुलशन देवैया हैदराबाद में हुए फिल्म के आधिकारिक मुहूर्त समारोह में भी शामिल हुए थे।

### फिल्म को लेकर उत्साहित हैं गुलशन

गुलशन अपनी इस फिल्म को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस दौरान फिल्म को लेकर गुलशन देवैया का कहना है कि मैं सामंथा के साथ कुछ करने के लिए एक अच्छे मौके का इंतजार कर रहा था। अब ऐसा लगता है कि यह फिल्म सही समय पर आई है। हालांकि, गुलशन ने अपने किरदार को लेकर ज्यादा जानकारी नहीं दी। उनका कहना है कि मैं अपने किरदार या फिल्म के बारे में कुछ नहीं कहना चाहता, लेकिन यह किरदार निभाना काफी चुनौतीपूर्ण है। फिलहाल गुलशन अपने किरदार की तैयारियों में जुटे हैं।

### 'कांतारा चैप्टर 1' में नजर आए थे गुलशन

वर्कफ्रंट की बात करें तो गुलशन देवैया आखिरी बार ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कंतारा चैप्टर 1' में नजर आए थे। इस फिल्म में गुलशन ने निगेटिव किरदार निभाया था। उनके काम को पसंद भी किया गया था। फिल्म में उनके किरदार का नाम कुलशेखर है, जो एक राजा है जो कंतारा के जंगलों को नष्ट करने की योजना बनाता है। इसके अलावा वो हाल ही में रिलीज हुई वेब सीरीज 'परफेक्ट फैमिली' में भी नजर आए हैं।

# ट्रोल्स ने मुझे बहुत प्रभावित किया, मगर अब कोई फर्क नहीं पड़ता



एक समय मिस इंडिया रही नेहा धूपिया के करियर में एक ऐसा वक्त भी आया, जब मां बनने के बाद उन्हें सोशल मीडिया पर बॉडी शेमिंग और ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा। इंडस्ट्री में 22 साल बिता चुकी नेहा पिछली बार अ थर्सडे में दिखी थीं। रोडीज और अपने शो नो फिल्टर नेहा से हमेशा चर्चा में रहने वाली यह एक्ट्रेस आज ट्रोल्स को धता बताकर अपने मदरहुड और काम को इंजॉय कर रही हैं। इन दिनों वे अपनी नई सीरीज परफेक्ट फैमिली से खबरों में हैं। उनसे एक बातचीत।

**तीन साल बाद आपने अभिनय में वापसी की। किरदारों को लेकर इतनी चूजी क्यों हैं?**

मैं इतनी चूज़ी हूं नहीं। मुझे इतने कम ऑफर्स मिलते हैं कि मुझे उन्हीं में से चुनना पड़ता है। मुझे भी लगता है कि मुझे काफी कम किरदारों का प्रस्ताव मिलता है। कई बार जब मैं कोई रोल देखती हूं, तो मुझे लगता है कि मुझे इसमें क्यों नहीं लिया गया? मगर इसके बावजूद मेरे अंदर एक बहुत बड़ी खुशी भी है कि इस इंडस्ट्री में मुझे 22 साल का एक लंबा अरसा हो गया।

**अ थर्सडे में मैं 8 महीने की प्रेग्नेंसी में थी**

जब मैंने अ थर्सडे साइन की थी, तब मैं गर्भवती नहीं थी। असल में बीच में लॉकडाउन आ गया था, तो जब शूटिंग शुरू हुई तो मैंने उनसे जाकर कहा, सॉरी मैं 6 महीने की गर्भवती हूं, तो उनका जवाब था कि क्या पुलिस अधिकारी प्रेग्नेंट नहीं हो सकती? आप अगर कंफर्टेबल हैं, तो ये रोल कीजिए। कहने का अर्थ ये है कि बेहजाद खंबाटा और रॉनी स्क्रूवाला जैसे फिल्मकारों ने अ थर्सडे जैसी महिला प्रधान फिल्म बनाई और मुझे गर्भवती होने के बावजूद मौका दिया।

**क्या आप इस बात को मानती हैं कि एक महिला को हर जगह पर खुद को ज्यादा साबित करना पड़ता है?**

जी मैं मानती हूं। हमारे पेशे में तो फिजिकल पहलू भी काफी मायने रखता है। आप एक मां होते है, पत्नी होते हैं, आपकी जिम्मेदारियों में इजाफा होता है। मां बनने के बाद एक महिला को ब्रेक लेना ही पड़ता है। मेल एक्टर्स कितना ब्रेक लेते हैं? एक मां होना सबसे सुखद अनुभूति है, मगर एक औरत के लिए मां बनने के बाद करियर में रुकावट तो आती ही है। पर हां, हमारे मदरहुड के समय मौके बेहतर हो गए थे। मगर हमसे पहले की जनरेशन तो मदरहुड के समय 5-10 साल पीछे चली जाती थीं। उनको फिर नए सिरे से शुरुआत करनी पड़ती थी। मेरे केस में मैं रोडीज़ कर रही थी, अपना शो नो फिल्टर नेहा कर रही थी। इवेंट्स में भाग ले रही थी और इससे ज्यादा मैं मैनेज भी नहीं कर पाती। आज हम महिलाओं के पास सोशल मीडिया है। जैसे मैंने अपने सोशल मीडिया में एक पैरेंटिंग कम्युनिटी बना ली है, जहां हम प्रेग्नेंसी, पोस्टपार्टम, ब्रेस्ट फीडिंग जैसे कई मुद्दों पर बात करते हैं। इस कम्युनिटी से 80 हजार महिलाएं जुड़ी हैं। देखिए, हम औरतों में अपने अंदर भी एक एक्सपेटेंस होनी चाहिए कि हमसे कितना बदलाव आया है। अब मेरे बच्चे स्कूल जा रहे हैं, तो मेरे पास समय है, जिसका मैं फायदा उठा रही हूं। महिलाओं को अपने लिए मौके बनाने पड़ते हैं।

**सोशल मीडिया पर बॉडी शेमिंग या ट्रोल्स को कैसे हैंडल करती हैं?**

पहले-पहले तो ये सब कुछ बहुत चुभता था। जब मैं पहली बार मां बनी, तब ट्रोल्स ने मुझे बहुत ज्यादा प्रभावित किया। मां बनना दुनिया का सबसे खूबसूरत अहसास है, उसका कोई मोल नहीं, मगर उसके बाद आपकी जिंदगी 360 डिग्री बदल जाती है। आपकी बॉडी और हॉर्मोन्स चेंज होने लगते हैं, आप आईने में खुद को पहचान नहीं पाते। पहली डिलीवरी के बाद मैं बहुत ही सीवियर पोस्टपार्टम से गुजरी। मेरे बारे में जब भद्दे-भद्दे कमेंट्स आते, तो लगता कि लैपटॉप पर बैठ कर इस तरह के ट्रोल्स की ऐसी-तैसी कर दूं। मगर अब मैं मोटी चमड़ी की हो गई हूं। अब तो मैं अब्यूज, सेक्सुअल कोनोटेशन, फैट शेमिंग, गंदे-गंदे कमेंट्स, हर किसी से गुजर चुकी हूं और इससे उबर चुकी हूं। अब कोई फर्क नहीं पड़ता।

## परफेक्ट फैमिली जैसी सीरीज का हिस्सा बनने को क्यों प्रेरित हुई?

तीन साल के अंतराल के बाद अगर आप किसी प्रॉजेक्ट में अभिनय करते हैं, तो जरूरी हो जाता है कि आप ऐसे विषय से जुड़ें, जो सामयिक भी मगर मनोरंजन भी दे। यही बात मुझे परफेक्ट फैमिली में दिखी। बाहर से हर फैमिली परफेक्ट लगती है, मगर अंदर से हर परिवार में कलेश होता है। जहां तक थेरेपी लेने की बात है, तो हर परिवार मानता है कि मानसिक रूप से बीमार या पागल होने पर ही थेरेपी ली जा सकती है। इस टैबू को तोड़ती है ये सीरीज। इसीलिए मैं इसका हिस्सा बनी।

# आईपीएल 2026 की नीलामी सूची घोषित; 350 खिलाड़ियों पर बोली लगेगी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने 2026 सीज़न के लिए खिलाड़ियों की नीलामी सूची को अंतिम रूप दे दिया है। आईपीएल द्वारा जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, इस सूची में 350 खिलाड़ी शामिल हैं, जिन पर 16 दिसंबर को अबू धाबी में होने वाली आगामी नीलामी में बोली लगाई जाएगी। नीलामी के लिए पंजीकृत 1,390 खिलाड़ियों में से 350 को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिनमें 240 भारतीय और 110 विदेशी खिलाड़ी शामिल हैं। इस सूची में 224 अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी और 14 अनकैप्ड विदेशी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो इस साल की नीलामी में नई प्रतिभा और गहराई ला रहे हैं।

फ्रैंचाइज़ी कुल 77 उपलब्ध स्लॉट के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी, जिनमें से 31 विशेष रूप से विदेशी खिलाड़ियों के लिए आरक्षित हैं। 350 खिलाड़ियों में से 40 खिलाड़ियों ने खुद को अधिकतम आधार मूल्य 2 करोड़ रुपये में सूचीबद्ध किया है, जिनमें वेंकटेश अय्यर और रवि बिश्नोई केवल दो भारतीय हैं। नीलामी मंगलवार को दोपहर 2:30 बजे (यूएई समयानुसार दोपहर 1:00 बजे) शुरू होगी। 40 खिलाड़ियों ने अपनी आरक्षित कीमत 2 करोड़ रुपये रखी है, जबकि 9 खिलाड़ी 1.5 करोड़ रुपये की श्रेणी में हैं। चार खिलाड़ियों ने 1.25 करोड़ रुपये और 17 खिलाड़ियों ने 1 करोड़ रुपये की आरक्षित कीमत चुनी है। 75 लाख रुपये की श्रेणी में 42 खिलाड़ी हैं और चार खिलाड़ियों ने 50 लाख रुपये की श्रेणी चुनी है।

इसके अलावा, सात खिलाड़ियों का आरक्षित मूल्य 40 लाख रुपये है, और 227 खिलाड़ियों का सबसे बड़ा समूह 30 लाख रुपये के वर्ग में है। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन, जिनके सबसे महंगे खिलाड़ियों में से एक होने की उम्मीद है, क्योंकि कई टीमें एक आक्रामक ऑलराउंडर की तलाश में होंगी, ने बल्लेबाज के रूप में पंजीकरण कराया है और पहले सेट में शामिल होंगे। दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डी कॉक, जॉर्ज लिंडे और श्रीलंका के डुनिथ वेल्लालेज, जो पहले सूची में नहीं थे, को अंतिम रोस्टर में शामिल किया गया है।



# दुर्गेश्वरी राठौर का अन्तर्विश्वविघालयीन हॉकी प्रतियोगिता के लिए चयन



**धार (एजेंसी)।** खेल और युवा कल्याण विभाग धार द्वारा संचालित हॉकी फीडर सेंटर धार की प्रशिक्षणार्थी दुर्गेश्वरी राठौर का चयन देवी अहिल्या विश्वविघालय इन्दौर के अर्न्त विश्वविघालय हॉकी दल में चयन हुआ है। दुर्गेवश्वरी राठौर ने होल्कर विज्ञान महाविघालय इन्दौर में आयोजित संभाग स्तरीय हॉकी प्रतियोगिता में भाग लेकर श्रेष्ठ खेल का प्रदर्शन कर इस उपलब्धि को प्राप्त किया।

उक्त प्रतियोगिता का आयोजन राज्य स्तरीय अर्न्त विश्वविघालयीन प्रतियोगिता दिनांक 09 दिसम्बर 2025 से 12 दिसम्बर 2025 तक बालाघाट में सम्पन्न होगी। इसके पश्चात् यह दल पूणे (महाराष्ट्र) में आयोजित जोनल स्तरीय अर्न्त विश्वविघालयीन में भाग लेगी।

दुर्गेवश्वरी राठौर की इस उपलब्धि पर जिला खेल अधिकारी, राजेश शाक्य, जिला हॉकी संघ अध्यक्ष, छोटु शास्त्री, रक्षित निरीक्षक, पुरूषोत्तम बिश्नोई, खेल अधिकारी उमंग अग्रवाल ने बधाई दी।

दुर्गेवश्वरी राठौर हॉकी फीडर सेंटर धार के प्रशिक्षक मनीष सोलंकी से नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। उक्त जानकारी हॉकी प्रशिक्षक मनीष सोलंकी ने दी।

# विराट स्पोर्ट्सवियर ब्रांड वन8 बेचकर एजिलिटास में हिस्सेदारी खरीदेंगे



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि वह अपना स्पोर्ट्सवियर ब्रांड वन8 एजिलिटास स्पोर्ट्स बेच रहे हैं। विराट इससे मिलने वाली 40 करोड़ रुपये की रकम जिलिटास स्पोर्ट्स में ही निवेश करेंगे। अभिषेक गांगुली की एजिलिटास स्पोर्ट्स एक वर्टिकली इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग-टू-रिटेल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म है। विराट इसमें एक निवेशक के तौर पर शामिल हो रहे हैं। एजिलिटास उत्पादन, आर एंड डी, ब्रांड-निर्माण और खुदरा वितरण के क्षेत्र में काम करती है। 2023 में इस कंपनी ने स्पोर्ट्स फुटवियर बनाने वाली कंपनी मोचिको शूज को खरीदा था। इससे कंपनी की घरेलू और निर्यात क्षमता बढ़ी थी।

वहीं वन8 एक स्पोर्ट्सवियर ब्रांड है। विराट इसके सह-संस्थापक रहे हैं। यह ब्रांड स्पोर्ट्सवियर, कपड़े, फुटवियर और एक्सेसरीज से जुड़ हुआ है। एजिलिटास की ओर से कहा गया है कि कोहली और गांगुली के बीच पिछली कुछ समय में साझेदारी बढ़ी है। इसी के तहत ही वन8 को लेकर करार हुआ है। कंपनी ने आगे कहा कि कोहली के पास अब तक केवल वन8 में निवेश करने का विकल्प था पर एजिलिटास की उत्पादन, डिजाइन, आर एंड डी, और वितरण क्षमता को देखते हुए उन्होंने इसका शेयरधारक बनना तय किया है।

विराट का वन8 को एजिलिटास को बेचने का फैसला भविष्य की योजनाओं के तहत ही है। वहीं विराट ने कहा, अभिषेक के साथ मेरा रिश्ता बहुत वास्तविक है। एक दिन, जब मैं यूं ही अपनी कुछ बनाने की इच्छा के बारे में बात कर रहा था, तो उसने कहा, चलो करते हैं और इस तरह वन8 शुरू हुआ। खेल ने मेरी जिंदगी बनाई है। मूवमेंट, कम्फर्ट और परफॉर्मेंस ही मेरे लिए सब कुछ हैं। यही सोच ब्रांड में बदल गयी। मैं हमेशा स्टाइल के लिए स्पोर्ट्स-फर्स्ट के क्षेत्र में जाना चाहता था।वहीं अभिषेक गांगुली ने कहा कि हमारा लक्ष्य भारत से स्पोर्ट्स में एक हाई-परफॉर्मेंस ब्रांड बनाना है।

# श्रेयस की वापसी का फैसला इसी माह जांच रिपोर्ट के बाद होगा


**मुम्बई (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया दौरे में पसलियों में चोट लगने के बाद से ही भारतीय टीम से बाहर चल रहे भारतीय टीम के मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर की वापसी का फैसला इसी माह आने वाली उनकी अल्ट्रासाउंड स्कैन रिपोर्ट के आधार पर होगा। उनकी वापसी अब अगले साल ही होगी। जांच रिपोर्ट के बाद पता चलेगा कि वे कब से आधिकारिक पुनर्वास प्रक्रिया शुरू कर सकेंगे। इसी स्कैन के आधार पर उनकी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी तय हो सकती है। गौरतलब है कि सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय के दौरान अय्यर की बाईं पसली पर चोट



लगी थी, जिसके कारण वह आईसीयू में भी भर्ती थे। इसके बाद से ही उन्हें तुरंत चिकित्सा निगरानी में रखा गया है। अल्ट्रासाउंड स्कैन से पता चलेगा कि उनकी चोट कितनी ठीक हुई है। इसके बाद विशेषज्ञों की टीम उनका पूरा रिहैब प्लान तैयार करेगी। हल्के कंडीशनिंग से लेकर क्रिकेट-विशेष ट्रेनिंग तक का फैसला होगा। अभी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उनकी वापसी में किसी भी तरह की जल्दबाज़ी से बचना चाहती है औरा 100 फीसदी फिट होने पर ही उन्हें खेलने दिया जाएगा। अय्यर पिछले कुछ वर्षों से एकदिवसीय टीम के मध्यक्रम के सबसे भरोसेमंद खिलाड़ियों में से एक रहे हैं। चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 और एकदिवसीय विश्वकप में उनकी अहम भूमिका रही है। उनकी गैरमौजूदगी के कारण अब भारतीय टीम को नए विकल्पों को आजमाना पड़ा है पर कोई भी सफल नहीं रहा है। वहीं गेंदबाजी कोच मॉर्ने मोर्केल ने बताया कि अय्यर ने शुरुआती रिहैब शुरू कर दिया है और वे लगातार प्रगति कर रहे हैं। हालांकि, न्यूज़ीलैंड के खिलाफ आगामी वनडे सीरीज में उनका खेलना लगभग संभव नहीं है।

# हेजलवुड एशेज क्रिकेट सीरीज से बाहर हुए, अब अगले साल वापसी करेंगे : मैकडोनाल्ड

ब्रिसबेन (ईएमएस)। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण एशेज क्रिकेट सीरीज से बाहर हो गए हैं। हेजलवुड जैसे शीर्ष स्तर के गेंदबाज



का टीम से बाहर होना मेलबान टीम के लिए करारा झटका कहै। अब हेजलवुड नये साल में ही खेल में वापसी करेंगे। ऑस्ट्रेलियाई टीम के कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा है कि हेजलवुड अब अगले साल की शुरुआत में होने वाले टी20 विश्व कप से वापसी करेंगे। मैकडोनाल्ड ने कहा, 'वह सीरीज से बाहर रहेंगे और अब उनका लक्ष्य विश्वकप में खेलना होगा। एशेज से उनका बाहर होना काफी निराशाजनक है। हमें उम्मीद थी कि वह सीरीज में अहम भूमिका निभाएंगे पर बदकिस्मती से वह चोटिल हो गये।' गौरतलब है कि हेजलवुड पिछले एक दशक से ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजी आक्रमण की कमान संभालते रहे हैं। वहीं राहत की बात ये है कि कप्तान और तेज गेंदबाज पैट कमिंस फिट हो गये हैं और वह 17 दिसंबर से एडिलेड में शुरू होने वाले तीसरे टेस्ट में वापसी करेंगे। कमिंस ने अभ्यास भी किया है और इस दौरान उन्हें कोई परेशानी नहीं आई। अब तीसरे टेस्ट में कमिंस एक बार फिर कप्तानी संभालेंगे। कमिंस के नहीं रहने पर पहले दोनो ही मैचों में स्टीव स्मिथ ने ऑस्ट्रेलियाई एकादश की कप्तानी संभाली थी।

# वेंकटेश अय्यर को लेकर ये क्या बोल गए केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर?

**मुम्बई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) द्वारा रिलीज़ किए जाने के बाद, वेंकटेश अय्यर 2 करोड़ रुपये के बेस प्राइस के साथ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 की मिनी-नीलामी में वापस आ गए हैं। डीडी स्पोर्ट्स पर द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो में बोलते हुए, केकेआर के मुख्य कोच अभिषेक नायर ने बताया कि कैसे ट्रायल के दौरान वेंकटेश अय्यर के आँकड़ों की बजाय उनके रवैये ने उनका ध्यान खींचा।

द ग्रेट इंडियन क्रिकेट शो की एक विज्ञप्ति के अनुसार, नायर ने कहा कि मैंने उन्हें उनके रवैये के कारण चुना था।

पहले दिन, वेंकटेश अय्यर ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन उन्होंने कभी हमारी तरफ देखा या किसी को खुश करने की कोशिश नहीं की। मुझे लगा कि उनमें बहुत ज़्यादा रवैया है। उन्होंने आगे कहा कि दूसरे दिन, हमने उसे खेलने का मौका दिया। आखिरी ओवर में, जब हमारे गेंदबाज़ को ऐंठन हुई, तो वेंकी बाउंड्री से चिल्लाया, %मैं आखिरी ओवर डालूँगा। उसने गेंदबाजी की और 18 रन दिए, लेकिन मुझे उसकी विपरीत परिस्थितियों का सामना करने की तत्परता बहुत पसंद आई। उन्होंने कहा कि उसके लिए यह परीक्षा कम मायने रखती थी, खुद को यह साबित करने से ज़्यादा कि वह सही काम कर रहा है। यह विश्वास मेरे साथ रहा।



2021 में, वेंकटेश ने तूफानी शुरुआत की और अपने पहले सीज़न में दस मैचों में 370 रन बनाए, जिससे केकेआर फाइनल में पहुँच गया, लेकिन वे चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) से हार गए। 2024 में अपने खिताब जीतने वाले वर्ष में, इस बाएं हाथ के बल्लेबाज़ ने फिर से 370 रन बनाए। 2025 में हालात मुश्किल लग रहे थे, क्योंकि उन्होंने 11 मैचों में एक अर्धशतक के साथ 20.28 की औसत से 142 रन बनाए।

# पांड्या जैसे ऑलराउंडर का टीम में होना जरुरी : संजय बांगड़

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ ने कहा है भारतीय टीम के पास अभी हार्दिक पांड्या से बेहतर ऑलराउडर कोई नहीं है। पांड्या की हालांकि फिटनेस एक समस्या है और इसी कारण वह कई अवसरों पर टीम से बाहर रहे हैं। बांगड़ ने कहा, 'उस तरह का ऑलराउंडर बनने के लिए आपको अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में से किसी भी एक के बल पर टीम में जगह बनाने में सक्षम होना चाहिए।' बांगड़ ने कहा, 'टीम प्रबंधन को उनके जैसे महत्वपूर्ण खिलाड़ियों के कार्यभार का प्रबंधन करना चाहिए। हार्दिक जैसा खिलाड़ी अगर पूरी तरह से फिट हो तो वह संतुलन पैदा करता है और उसकी मौजूदगी से टीम मनचाहा संयोजन तैयार कर सकती है। इसलिए उनका टीम में होना बेहद जरुरी है।' बांगड़ ने कहा, 'विश्व क्रिकेट के सभी ऑलराउंडरों को देखें तो अभी इंग्लैंड के पास बेन स्टोक्स जैसा कोई अन्य खिलाड़ी तैयार है। वहीं हार्दिक पांड्या के साथ भी यही स्थिति है।' पांड्या अकेले अपनी बल्लेबाजी के बल पर शीर्ष पांच में जगह बना सकते हैं। वहीं गेंदबाजी में भी वह किसी भी टीम के शीर्ष तीन तेज गेंदबाजों में से एक हो सकते हैं।'वहीं हार्दिक के कार्यभार प्रबंधन पर बात करते हुए बांगड़ ने कहा कि उन्हें तीन मैच ही खेलने चाहिए। उन्होंने कहा, 'हमें देखना होगा कि वह हालातों से कैसे तालमेल बिठाते हैं। विश्व कप से पहले उन्हें कितने मैच खेलने चाहिये। ये अभी तय नहीं किया जा सकता है।' वहीं शुभमन गिल को लेकर बांगड़ ने कहा कि टेस्ट कप्तान के रूप में गिल की प्रगति से उन्हें अन्य प्रारूपों में भी फायदा होगा। उन्होंने कहा, 'पिछले एक साल में टेस्ट क्रिकेट में इतना अच्छा प्रदर्शन करने के बाद शुभमन का आत्मविश्वास बढ़ा है, उससे भी उन्हें लाभ हुआ है। वह मानसिक रूप से अधिक मजबूत खिलाड़ी बन गए हैं। टेस्ट कप्तान के रूप में अतिरिक्त ज़िम्मेदारी लेने से वह एक बेहतर खिलाड़ी बन गए हैं।'



# तीसरे टेस्ट में जीत के साथ सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी ऑस्ट्रेलिया

**–कमिंस की वापसी से गेंदबाजी मजबूत होगी : मैकडोनाल्ड**

**एडिलेड (एजेंसी)।** एशेज में पहले दो टेस्ट मैचों में जीत से उत्साहित ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम अब 17 दिसंबर से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड को हराकर सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने के इरादे से उतरेगी। पहले दोनो ही मैच में इंग्लैंड टीम किसी भी क्षेत्र में उसके सामने टिक नहीं पायी। ऐसे सें तीसरे टेस्ट में भी ऑस्ट्रेलियाई टीम जीत की प्रबल दावेदार है। इस मैच में नियमित कप्तान पैट कमिंस की वापसी से भी टीम को लाभ होगा। कमिंस एक बेहतरीन तेज गेंदबाज और उनके आने से इंग्लैंड की मुश्किलें और बढ़ जाएंगी। कमिंट फिट नहीं होने के कारण पहले दोनो ही मैचों से बाहर थे। ऑस्ट्रेलिया




के मुख्य कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा, कप्तान कमिंस वापसी के लिए तैयार हैं पर एक अन्य तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड फिट नहीं होने से सीरीज से बाहर हो गये हैं।

मैकडोनाल्ड ने कहा, कमिंस की एडिलेड में तैयारी को लेकर कोई चिंता नहीं है। उन्होंने पिछले चार माह से क्रिकेट नहीं खेली है पर इसके बाद भी वह लय में हैं। उन्होंने फिट होने के लिए कड़ी मेहनत की है। उन्होंने अभ्यास सत्र में अपनी फॉर्म और फिटनेस दिखाई है। इसलिए हमें लगता है कि वह तैयार हैं।वहीं उन्होंने कहा कि पिछले टेस्ट से बाहर उस्मान ख्वाजा को एडिलेड टेस्ट में जगह मिल सकती है पर वह सलामी नहीं मध्यक्रम के बल्लेबाजी के तौर पर उतरेंगे। साथ ही कहा कि पिछले मैचों में ट्रैविस हेड और जेक वेदराल्ड का प्रदर्शन सलामी बल्लेबाज के तौर पर अच्छा रहा है, इसलिए वे दोनो ही पारी शुरु करेंगे। उन्होंने कहा कि नाथन लियोन को अंतिम ग्यारह में अवसर मिलना तय है। उन्हें दूसरे मैच में शामिल नहीं किया गया था। उन्होंने कहा कि तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क भी अब ठीक है और तीसरे मैच में खेलेंगे।

# दूसरे टेस्ट में मैट हैनरी सहित तीन अनुभवी खिलाड़ियों के बिना ही उतरेगी न्यूजीलैंड



क्राइस्टचर्च। न्यूजीलैंड को बुधवार से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरु हो रहे दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले करारा झटका लगा है। न्यूजीलैंड टीम को इस मैच में मैच तीन अनुभवी खिलाड़ियों मैट हेनरी, नाथन स्मिथ और मिचेल सेंटनर के बिना ही उतरना पड़ेगा। ये तीनों ही पहले टेस्ट में घायल हो गये थे और अभी तक नहीं उबरे हैं। ये तीनो ही स्टार खिलाड़ी तीसरे ओर अंतिम मैच में भी नहीं खेलेंगे। जिसकी वजह से वह कैरेबियन जायंट्स के खिलाफ दूसरे और तीसरे हेनरी और स्मिथ के चोटिल होने के बाद अनकैप्ड तेज गेंदबाज माइकल रे को न्यूजीलैंड ने शामिल किया है। वहीं क्रिस्टियन क्लार्क को अपनी टीम में जगह मिली है। रे ने वारविकशायर के लिए काउंटी क्रिकेट खेला है, जिसमें उन्होंने 30.28 की औसत से 14 विकेट लिए हैं। कुल मिलाकर दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 69 फर्स्ट–क्लास मैचों में 205 विकेट लिए हैं। 30 साल के इस खिलाड़ी के नाम फर्स्ट–क्लास क्रिकेट में आठ बार चार विकेट और तीन बार पांच विकेट हॉल हैं। वहीं फर्स्ट–क्लास में 24 साल के क्लार्क ने 27 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 33 की औसत से 77 विकेट लिए हैं।

इस सीरीज का पहला मैच ड्रॉ रहा था।

# हीरो हॉकी महिला लीग इस माह के अंत में, पुरुष लीग अगले साल की शुरुआत में

रांची। हीरो हॉकी इंडिया के महिला लीग मुकाबले इसी माह 28 दिसंबर से 10 जनवरी तक रांची में खेले जाएंगे जबकि पुरुष लीग 3 से 26 जनवरी तक चेन्नई, रांची और भुवनेश्वर में आयोजित की जाएगी। हीरो हॉकी इंडिया लीग गवर्निंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप तिर्की ने कहा, पिछले सत्र की सफलता के बाद हमें इस बार और भी रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। हमने पुरुष लीग को तीन शहरों में रखा है जिससे अधिक से अधिक प्रशंसक इस विश्वस्तरीय हॉकी का आनंद ले पायें।' वहीं हॉकी इंडिया लीग की गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, हीरो हॉकी इंडिया लीग में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेलते हुए देखने का अवसर मिलेगा। ऐसे में आगामी सत्र अब तक का सबसे बेहतर सत्र होगा। इस कार्यक्रम के दौरान रांची रॉयल्स का आधिकारिक लोगो भी जारी किया गया। ये लोगो टीम की जीवंत भावना और झारखंड की समृद्ध हॉकी विरासत के साथ मजबूत संबंध को दिखाता है। महिला लीग में कुल 13 मैच खेले जाएंगे। इसमें शामिल चार टीमों रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स, जेएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, और श्राची रारह बंगाल टाइगर्स के बीच डबल राउंड–रॉबिन प्रारूप में मुकाबले होंगे। वहीं अंक तालिका की शीर्ष दो टीमों के बीच 10 जनवरी को फाइनल होगा। इस टूर्नामेंट में नीदरलैंड, बेल्जियम, ऑस्ट्रेलिया, अर्जेंटीना और ग्रेट ब्रिटेन जैसे 10 से अधिक देशों की महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। वहीं पुरुष लीग 3 जनवरी से 26 जनवरी 2026 तक चलेगी। पहला चरण चेन्नई में, दूसरा रांची में और तीसरा भुवनेश्वर में होगा।पुरुष लीग में आठ टीमें तमिलनाडु ड्रैगन्स, हैदराबाद तूफान, जीएसडब्ल्यू सूरमा हॉकी क्लब, श्राची रारह बंगाल टाइगर्स (वर्तमान चैंपियन), वेदांता कलिंग लांसर्स, रांची रॉयल्स, एसजी पाइपर्स और एचआईएल गवर्निंग काउंसिल हिस्सा लेंगी। पुरुष लीग में 33 मैच खेले जाएंगे, जिनमें अर्जेंटीना, बेल्जियम, जर्मनी, इंग्लैंड, स्पेन और ऑस्ट्रेलिया जैसे शीर्ष हॉकी राष्ट्रों के खिलाड़ी शामिल होंगे। सभी टीमें सिंगल राउंड–रॉबिन प्रारूप में एक–दूसरे से खेलेंगी। शीर्ष चार टीमें प्लेऑफ में पहुंचेंगी। क्वालिफायर 1 और एलिमिनेटर 23 जनवरी (भुवनेश्वर) को खेला जाएगा। वहीं दूसरा क्वालिफायर 25 जनवरी को खेला जाएगा।

# पहले दो नाम ये होने चाहिए, भारत की 2027 विश्व कप टीम पर बोले हरभजन सिंह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ ODI सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने ICC क्रिकेट वर्ल्ड कप 2027 खेलने वाले सीनियर खिलाड़ियों रोहित शर्मा और विराट कोहली का समर्थन करते हुए कहा कि इन दोनों के लिस्ट में 'पहले दो नाम' होने चाहिए। रोहित और विराट ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ एक ब्लॉकबस्टर ODI सीरीज खेली। रोहित ने पहले और आखिरी ODI में दो शानदार हाफ-सेंचुरी लगाईं जबकि विराट ने रांची और रायपुर में लगातार दो शतक बनाए और इसके बाद विशाखापत्तनम में अर्धशतक लगाया।

अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए हरभजन ने कहा कि अगर कोई 'युवाओं के पीछे अनुभव खो देता है', तो यह बड़े मैचों में महंगा पड़ सकता है। उन्होंने कहा, 'क्या रोहित शर्मा और विराट कोहली से बड़े और बेहतर खिलाड़ी हैं? इसलिए आपको उन्हें साइडलाइन नहीं करना चाहिए, बल्कि यह सोचना चाहिए कि उनके आस-पास टीम कैसे बनाई जाए। अगर आप युवाओं को आगे बढ़ाने के चक्कर में अनुभव खो देते हैं, तो बड़े मैचों में समय-समय पर यह एक समस्या हो सकती है। इसलिए उन्हें खेलना चाहिए और यह एक बड़ा वर्ल्ड कप होगा क्योंकि उसके बाद हो सकता है कि वे कभी दूसरा वर्ल्ड कप न खेलें।'

हरभजन ने कहा, 'जिस तरह से रोहित शर्मा और विराट कोहली बैटिंग कर रहे हैं, और उनके साथ बैटिंग ऑर्डर जैसा दिख रहा है, वह इतना सॉलिड लग रहा है कि उन्हें खेलना चाहिए। वे अपनी फिटनेस बनाए रखेंगे। लेकिन यह सवाल कि वे वर्ल्ड कप खेलेंगे या नहीं, युवा खिलाड़ियों की ओर देखना ठीक है, लेकिन उन खिलाड़ियों को नजरअंदाज़ न करें जो पहले से ही बड़े मैचों में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता रखते हैं।' पूर्व भारतीय स्पिनर ने कहा, 'पिछले वर्ल्ड कप में भी वे फाइनल में चूक गए थे, क्योंकि पिच बहुत धीमी थी। अगर पिच तेज होती, तो इंडिया जीत जाता। बहुत प्रेशर था, इसीलिए ऑस्ट्रेलिया ने भारत से बेहतर खेला और जीता। लेकिन रोहित शर्मा की लीडरशिप में भारत जिस तरह खेला, वह अविश्वसनीय था। इसलिए पहले दो नाम रोहित शर्मा और विराट कोहली होने चाहिए और बाकी टीम उसके बाद बननी चाहिए।'

विराट ने सीरीज में 151.00 के एवरेज और 117 से ज़्यादा के स्ट्राइक रेट से 302 रन बनाकर टॉप रन-गेटर रहे जिसमें दो शतक और एक फिफ्टी शामिल थी। रोहित ने भी तीन इनिंग्स में 48.66 के औसत से 148 रन बनाए, जिसमें 110 से ज़्यादा का स्टाइक रेट और दो फिफ्टी शामिल थी। 'रो-को' इस साल ODI में भारत के लिए सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले दो खिलाड़ी



रहे। विराट ने 13 मैचों और इनिंग्स में 65.10 के औसत से 651 रन बनाए, जिसमें तीन शतक और चार फिफ्टी शामिल हैं, उनका बेस्ट स्कोर 135 और स्ट्राइक रेट 96 से ज़्यादा रहा। दूसरी और रोहित ने 14 इनिंग्स में 50.00 के औसत और 100 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 650 रन बनाए, जिसमें दो शतक और चार फिफ्टी तथा 121* का बेस्ट स्कोर रहा।

# श्रीलंका के खिलाफ टी20 के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान, 17 और 19 साल की युवा प्लेयर्स को मौका

नई दिल्ली। गुनालन कमालिनी और वैष्णवी शर्मा को श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सरजमीं पर होने वाली पांच मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए मंगलवार को भारतीय महिला टीम में पहली बार शामिल किया गया। यह श्रृंखला 21 से 30 दिसंबर तक खेली जाएगी जिसके शुरुआती दो मैच विशाखापत्तनम में और बाकी तीन मैच तिरुवनंतपुरम में होंगे। 17 साल की विकेटकीपर बल्लेबाज कमालिनी ने महिला प्रीमियर लीग (WPL) में मुंबई इंडियन्स के लिए नौ मैच खेले हैं लेकिन 19 साल की वैष्णवी को WPL नीलामी में शामिल नहीं किया गया था। कमालिनी और वैष्णवी को राधा यादव और उमा छेत्री के स्थान पर टीम में जगह दी गई है जो पिछले महीने एकदिवसीय विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थीं। कमालिनी और वैष्णवी के अलावा टीम में सभी जाने–पहचाने नाम शामिल हैं। हरमनप्रीत कौर टीम की कप्तानी कर रही हैं जबकि स्मृति मंधाना उप कप्तान हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व कप सेमीफाइनल से पहले चोटिल प्रतिका रावल की जगह टीम में जगह बनाने वाली आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा भी टीम का हिस्सा हैं। भारत और श्रीलंका नौ जनवरी को नवी मुंबई में डब्ल्यूपीएल 2026 शुरू होने से ठीक पहले पांच मैच की श्रृंखला खेलेंगे। इस द्विपक्षीय श्रृंखला का कार्यक्रम भारत और बांग्लादेश के बीच दिसंबर में भारत में होने वाली सीमित ओवरों की श्रृंखला के पिछले महीने स्थगित होने के बाद घोषित किया गया था। भारत और श्रीलंका ने पिछली बार अक्टूबर 2024 में विश्व कप के दौरान टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था।

**भारतीय टीम** – हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा, जेमिमा रोड्रिग्स, शेफाली वर्मा, हरलीन देओल, अमनजोत कौर, अरुंधति रेड्डी, क्रांति गौड़, रेणुका सिंह ठाकुर, ऋचा घोष, जी कमालिनी, श्री चरणी और वैष्णवी शर्मा।

